50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 7.0 °c | अधिकतम 16.7 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:12, सूर्यास्त : 5:28 | वर्ष : 50/ अंक : 357 | बुधवार, 28 दिसम्बर 2022 | पौष, शुक्ल पक्ष, षष्ठी | सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

आज की अमृतवाणी

परेशानी में अगर कोई सलाह मांगे तो सलाह के साथ अपना साथ भी देना चाहिये, क्योंकि सलाह गलत हो सकती है पर साथ नहीं।

उत्तर प्रदेश में खड़ाऊं पहुंच गई है, तो राम जी भी पहुंचेंगे, यह हमारा विश्वास है : सलमान खुर्शीद



एक राम हैं जगत के.....
एक राम हैं हमारे.....

निकाय चुनाव के लड़ाकों को चोट, ढीले हुए लंगोट

- फिर से अखाड़े में उतरने के लिए करना पड़ेगा तीन से चार माह इंतजार
- अब नए आरक्षण में किसकी सीट बचेगी, किसकी जाएगी नहीं पता
- कई दावेदार दावत, पोस्टर, पर्चे और होर्डिंग पर खर्च कर चुके हैं लाखों रुपये

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर (बु.)। स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारी में जुटे लड़ाकों को आज आए हाईकोर्ट के फैसले से ओबीसी दावेदारों को झटका लगा है। हाईकोर्ट के निर्णय के बाद जिस तरह सरकार के बयान आए हैं, उससे लग रहा है कि अब जनवरी में संभावित निकाय चुनाव कई माह पीछे टल गए हैं। इस फैसले के बाद पहले लग रहा था कि जल्द चुनाव होंगे, लेकिन बाद में पूरा फैसला आने और मुख्यमंत्री द्वारा ओबीसी आरक्षण को लेकर ट्रिपल टेस्ट कराने और ओबीसी आरक्षण निर्धारण के बाद ही निकाय चुनाव कराने तथा जरूरत पड़ने पर इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की बात कहे जाने के बाद अब लग रहा है कि इस प्रक्रिया में लंबा समय लगेगा। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि चुनाव तीन से चार माह पीछे टल सकते हैं। ऐसे में उन लोगों को करारा झटका लगा है जो कई महीने की कसरत के बाद अपना टिकट पक्का मान रहे थे और जो इस बीच काफी पैसा खर्च कर चुके थे। उन्हें अब नए आरक्षण के साथ समय का इंतजार करना पड़ेगा। फिलहाल चुनाव के पहलवानों के लंगोट ढीले हो गए हैं। नगर निकाय चुनाव प्रत्याशियों के लिए साक्का बन गए हैं। विगत दो माह से लगातार निकाय चुनावों की आहट के बाद तमाम प्रत्याशी टांग तुड़ाई कर जहां टिकट के लिए दरवाजे-दरवाजे चक्कर काट रहे थे, वहीं सभासद के लिए तो कई उम्मीदवारों ने स्थानीय लोगों को पटाने के लिए उन्हें सलाम नमस्ते करने के नाम पर लाखों रुपये खर्च कर दिए। इसके साथ ही तमाम स्थानों पर पर्चे पोस्टर के अलावा नए साल की शुभकामनाओं के होर्डिंग भी जगह-जगह नजर आ रहे थे। अब हाईकोर्ट के फैसले और सरकार द्वारा ट्रिपल टेस्ट के बाद नए सिरे से ओबीसी आरक्षण के बाद ही निकाय चुनाव कराने के ऐलान के बाद फिलहाल इन नेताओं की भैंस पानी में चली गई है। संभावित प्रत्याशियों की दिक्कत यह है कि अब चुनाव कब होंगे और तब तक हालात क्या होंगे, इसका कोई अनुमान नहीं है। इसके अलावा ट्रिपल टेस्ट के बाद जब नए सिरे से आरक्षण का निर्धारण होगा तो उनकी सीट की क्या स्थिति होगी, यह भी पता नहीं है। मोटे तौर पर माना जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ अपील बहुत अधिक ठहरने वाली नहीं है, लेकिन सरकार प्रक्रिया के लिए और समय मांग सकती है। ट्रिपल टेस्ट एक झटके में नहीं हो सकता। इसके लिए आयोग बनाना होगा। इस आयोग को सभी पक्षों को सुनने और मौजूदा स्थिति के परीक्षण में भी समय लगेगा। इस बीच बोर्ड परीक्षाओं का दौर भी आएगा। ऐसे में माना जा रहा है कि निकाय चुनाव के लिए अब तीन से चार माह तक का इंतजार करना पड़ सकता है। जाहिर है कि तब तक राजनीतिक दलों के उन नेताओं की स्थिति क्या होगी जो मौजूदा हालत में अपने टिकट को पक्का मानकर बैठे हैं। दो माह से अधिक समय तक बड़े नेताओं के चक्कर काटकर घुटने तुड़वाए बैठे लोगों को अब तीन चार महीने फिर से यही कवायद जारी रखने की प्रक्रिया आसान नहीं लग रही है। टिकट के लिए वैसे तो मुजफ्फरनगर पालिका में सबसे ज्यादा मारा मारी नजर आई है, लेकिन खतौली नगर पालिका तथा अन्य नगर पंचायतों में भी टिकट की अहमियत कम नहीं है। ऐसे में सबसे ज्यादा मारामारी की स्थिति भाजपा में दिखाई दी है। सपा, बसपा और रालोद समेत अन्य दलों की भी स्थिति काफी रोचक रहेगी। हालांकि इनमें अभी तक सपा ही टिकट के मामले में सबसे आगे नजर आ रही थी।

प्रशासक नहीं तो कौन संभालेगा कमान?

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर (बु.)। स्थानीय निकाय चुनावों की अधिसूचना जारी होने से पूर्व ही नगर विकास विभाग ने इस आशय के आदेश जारी किए थे कि जिन निकायों का कार्यकाल पूरा हो जाएगा, वहां प्रशासक की नियुक्ति की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार अगर निर्वाचित निकाय की पहली बैठक से भी कार्यकाल माना जाएगा तो छह जनवरी को मुजफ्फरनगर पालिका का मौजूदा अध्याय खत्म हो जाएगा। अन्य नगर निकायों के कार्यकाल की भी स्थिति भी यही है कि जनवरी के पहले सप्ताह में तमाम निकायों में प्रशासकों के हाथ में कमान सौंपने की तैयारी की जा रही थी, लेकिन हाईकोर्ट ने प्रशासक नियुक्त करने की अधिसूचना को भी रद्द करके इस रास्ते को भी बंद कर दिया है। अब इस बात पर चर्चा है कि क्या नए चुनाव होने तक मौजूदा निकायों का कार्यकाल बढ़ाया जाएगा या इसके लिए कोई और वैकल्पिक व्यवस्था सरकार करेगी। इस बात पर भी सबकी नजर है कि क्या सरकार हाईकोर्ट के प्रशासक नियुक्त करने के फैसले को रद्द करने के आदेश को भी सुप्रीम में चुनौती देगी? ऐसे में जहां सरकार ऊहापोह की स्थिति में है, वहीं निकायों में भी अनिश्चितता के हालात बन गए हैं।

निकाय चुनाव पर ओबीसी आरक्षण रद्द

- सरकार को तत्काल निकाय चुनाव कराने के भी दिए आदेश
- ओबीसी के लिए आरक्षित सभी सीटें मानी जाएंगी जनरल
- प्रशासक नियुक्त करने की अधिसूचना भी खारिज की गई

लखनऊ, 27 दिसंबर (वार्ता)। निकाय चुनाव में ओबीसी के आरक्षण को लेकर हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने मंगलवार को बड़ा फैसला दिया है।

हाई कोर्ट ने सरकार के द्वारा निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को रद्द कर दिया है। आदेश के अनुसारओबीसी के लिए आरक्षित सभी सीटें अब जनरल मानी जाएंगी। हाईकोर्ट ने चुनाव तत्काल कराने के भी निर्देश दिए। साथ ही ओबीसी को आरक्षण देने के लिए एक कमीशन बनाने की बात भी कही है। हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार को बड़ा झटका देते हुए, निकाय चुनावों के लिए 5 दिसम्बर को जारी ड्राफ्ट नोटिफिकेशन को खारिज कर दिया। इसके साथ ही न्यायालय ने राज्य सरकार को निकाय चुनावों को बिना ओबीसी आरक्षण के ही कराने के आदेश दिए हैं। यह निर्णय न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की खंडपीठ ने इस मुद्दे पर दाखिल 93 याचिकाओं पर एक साथ पारित किया। हाईकोर्ट ने सरकार द्वारा गत 12 दिसंबर को जारी उस नोटिफिकेशन को भी खारिज कर दिया है जिसके जरिए सरकार ने उन स्थानीय निकायों में प्रशासक तैनात करने की बात कही थी जिनका कार्यकाल शीघ्र पूरा होने जा रहा है। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने प्रदेश के नगर निकाय चुनावों की अधिसूचना जारी करने पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि सरकार ने ओबीसी कोटे का आरक्षण तय करने में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये ट्रिपल टेस्ट फार्मूले का अनुपालन नहीं किया। कोर्ट ने अपने फैसले में सरकार को तुरंत चुनाव कराने का निर्देश दिया है। हालांकि कोर्ट ने एससी और एसटी आरक्षक के साथ चुनाव कराने की बात कही है। कोर्ट के इस फैसले के बाद अब ओबीसी आरक्षण वाली सभी सीटें सामान्य होंगी। वैभव पांडे सहित कई याचीगणों ने अलग-अलग याचिका दायर करके नगर निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण लागू करने में प्रक्रिया का पालन न करने का राज्य सरकार पर आरोप लगाया था। याचीगणों की ओर से दलील दी गई थी कि सुप्रीम कोर्ट ने इसी साल सुरेश महाजन के मामले में दिये गये निर्णय में स्पष्ट तौर पर आदेश दिया था कि स्थानीय निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण जारी करने से पहले ट्रिपल टेस्ट किया जाएगा। यदि ट्रिपल टेस्ट की औपचारिकता नहीं की जा सकी है तो एससी व एसटी सीटों के अलावा बाकी सभी सीटों को सामान्य सीट घोषित करते हुए, चुनाव कराए जाएंगे। आरोप लगाया गया था कि शीर्ष अदालत के स्पष्ट दिशानिर्देशों के बावजूद राज्य सरकार ने बिना ट्रिपल टेस्ट के 5 दिसंबर 2022 को ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी किया जिसमें ओबीसी के लिए आरक्षित सीटों को भी शामिल किया गया था।

बोले योगी: पहले तय होगा आरक्षण फिर होगा चुनाव

लखनऊ, 27 दिसंबर (वार्ता)। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ द्वारा निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण खत्म रद्द किए जाने के फैसले पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बयान जारी करते हुए कहा कि सरकार पिछड़ों का हक दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बयान जारी कर कहा है कि प्रदेश सरकार नगरीय निकाय चुनाव के लिए आयोग गठित कर ट्रिपल टेस्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों को आरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराएगी। इसके बाद ही निकाय चुनाव सम्पन्न कराया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ तो राज्य सरकार उच्च न्यायालय के निर्णय के क्रम में तमाम कानूनी पहलुओं पर विचार करके सर्वोच्च न्यायालय में अपील भी करेगी।

आरक्षण छीनना चाहती है सरकार: अखिलेश यादव

लखनऊ, 27 दिसंबर (वार्ता)। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मामले पर ट्वीट कर भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि आज आरक्षण विरोधी भाजपा निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के विषय पर घड़ियाली सहानुभूति दिखा रही है। आज भाजपा ने पिछड़ों के आरक्षण का हक छीना है। कल भाजपा बाबा साहब द्वारा दिए गये दलितों का आरक्षण भी छीन लेगी। उन्होंने आरक्षण को बचाने की लड़ाई में पिछड़ों व दलितों से सपा का साथ देने की अपील की है। अखिलेश यादव ने कहा है कि आरक्षण बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे। मायावती ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह फैसला भाजपा की आरक्षण विरोधी मानसिकता को दिखाता है।

क्या सुप्रीम कोर्ट से राहत ले पाएगी सरकार?

लखनऊ, 27 दिसंबर (वार्ता)। नगरीय निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण को लेकर हाईकोर्ट के फैसले पर सरकार बुरी तरह फंस गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण तब ही लागू कर सकते हैं जब आयोग का गठन करेंगे। आयोग के जरिये पिछड़े वर्ग के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन का आकलन करेंगे। लेकिन जब तक ऐसा नहीं करते हैं तब तक पिछड़ों को आरक्षण नहीं दे सकते है। उच्च न्यायालय ने साफ किया है कि निकाय चुनाव नहीं रोक सकते हैं। ऐसे में सरकार को ओबीसी के आरक्षण बिना चुनाव कराना होगा। सरकार तब ही चुनाव रोक सकती है जब सर्वोच्च न्यायालय की ओर से उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी जाए। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय में यदि कोई नया तथ्य सामने आता है तो सरकार को राहत मिल सकती है। दूसरी ओर आयोग के गठन में समय बहुत लगेगा, आयोग को सर्वे करने और रिपोर्ट देने में पूरा समय चाहिए। ऐसे में अधिकतम छह महीने बाद चुनाव कराना तो संवैधानिक बाध्यता है। उच्च न्यायालय ने चुनाव कराने के लिए कहा है इसलिए सरकार के पास ज्यादा संभावना नहीं है। इसके बावजूद जैसा की उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में इस आदेश को चुनौती देने का ऐलान किया है तो अब इसकी प्रतीक्षा होगी कि सुप्रीम कोर्ट का इस पर क्या नजरिया रहता है।

नैनीताल से भी ठंडा रहा मुजफ्फरनगर

- हल्की धूप में भी तीखी हवाएं दे रही सनसनाहट भरी कंपकंपी

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर (बु.)। पहाड़ों से आ रही बर्फीली ठंडी हवाओं से शीत लहर और घने कोहरे चपेट में कड़ाके की सर्दी का सितम लोगों को झेलना पड रहा है। शाम से सुबह तक लोग ठंड से कांप रहे हैं। आज दिन में धूप निकली तो लोग धूप सेंकने के लिए जहां तहां जमे नजर आए। हालांकि तीखी हवाएं धूप पर भी भारी पड़ती नजर आईं। आज शहर में न्यूनतम तापमान सात डिग्री रहा जो नैनीताल में दर्ज 7.2 से भी कम रहा। हालांकि धूप के चलते अधिकतम तापमान बढ़कर 16.7 डिग्री रहा। बीते करीब एक सप्ताह से लगातार पड़ रहे कोहरे और चल रही शीतलहर से सर्दी लगातार बढ़ रही है। शीतलहर के कारण दिन में हल्की धूप निकलने पर भी ठिठुरन कम नहीं हो रही। घने कोहरे और सर्दी में स्कूल बंद करने के आदेश दिए गए हैं। इसके बावजूद आज कई स्थानों पर स्कूलों की खुले होने की जानकारी मिली। कोहरे का असर यातायात पर भी पड़ रहा है। कड़ाके की ठंड से एक तरफ जहां फसलों को फायदा हो रहा है, वहीं दूसरी तरफ ठंड बढ़ने से लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं। ठंड से बचने के लिए लोग गर्म कपड़े पहनकर काम करने जा रहे हैं। अलाव के पास बैठने के बाद भी ठंड लग रही है। ठंड में हाथ पैर सुन हो रहे हैं। ठंड से राहत पहुंचाने के लिए शहर में करीब तीस जगह अलाव जल रहे हैं। रास्ते से गुजरने वाले लोग ठंड में रुककर अलाव का सहारा ले रहे हैं। सुबह से ही कोहरा बारिश की तरह बरस रहा है। आठ से 10 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवाओं के साथ सौ प्रतिशत आर्द्रता से ठंडक बढ़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार शीत लहर में अभी किसी बड़ी राहत की संभावना नहीं है। नए साल तक अभी तापमान ऐसी ही ऊपर-नीचे होता रहेगा। दो दिन अभी शीत लहर परेशान करती रहेगी।

सड़क हादसों में दो की मौत, कई गंभीर घायल

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर (बु.)। सड़कों पर हादसों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव कूकड़ा निवासी आजम पुत्र गय्यूर अपने भतीजे के साथ बाईक पर सवार होकर अपने घर वापस लौट रहा था। बिलासपुर कट पर तेज रफ्तार से आयेवाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे आजम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका भतीजा गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिये जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अन्य सड़क हादसा हाईवे पर सिसौना कट पर हुआ, जहां अज्ञात वाहन से टकराकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरकाजी थानाक्षेत्र के गांव अब्दुलपुर निवासी होशी पुत्र चरण सिंह सिसौना के पास किसी होटल में काम करता था। देर रात्रि अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव की शिनाख्त कर परिवारजनों को इस समबन्ध में सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण हेतु भेज दिया। इसके अलावा नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में गाजियाबाद के गोविंदपुरम निवासी अंकित पुत्र अतुल ने बताया कि वह अपनी कार में सवार होकर मसूरी से गाजियाबाद लौट रहा था। नई मंडी क्षेत्र में गोकुलसिटी के पास सामने से आई तेज रफ्तार बुलेनो कार ने उसकी कार में टक्कर मार दी, जिससे उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई तथा वह और कार में सवार अन्य लोग घायल हो गये। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

लावड़ के ईओ समेत हादसे में तीन की मौत

मेरठ, 27 दिसंबर (वार्ता)। आगरा एक्सप्रेस वे पर हुए भीषण हादसे में मेरठ के लावड़ के ईओ सहित तीन लोगों की मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार लखनऊ से वापस लौटने के दौरान उन्नाव कट के पास आगरा एक्सप्रेस वे पर सोमवार देर रात सड़क दुर्घटना में अधिशासी अधिकारी समेत तीन घायल हो गए। मंगलवार सुबह तड़के तीनों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मरने वालों में लावड़ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी, लिफिक व स्वच्छ भारत मिशन के टीसी थे। हापुड़ के रहने वाले अधिशासी अधिकारी सुधीर सिंह पिछले चार वर्षों से लावड़ नगर पंचायत का चार्ज था। जबकि, मवाना खुर्द निवासी असलम भी नगर पंचायत में तैनात थे। बताया गया है कि सोमवार को अधिशासी अधिकारी सुधीर सिंह, असलम व तनुज ठाकुर लखनऊ से वापस मेरठ के लिए लौट रहे थे। कन्नौज पुलिस ने मामले की जानकारी दौराला नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी को फोन पर दी। सूचना मिलने पर कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई। तनुज ठाकुर को स्वच्छ भारत मिशन के तहत लावड़ नगर पंचायत में टीसी की जिम्मेदारी दी गई थी।

सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर 'लीना नागवंशी' ने दी जान

रायगढ़, 27 दिसंबर (वार्ता)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर लीना नागवंशी (21) ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसका शव सोमवार को घर की छत पर ही फंदे से लटका हुआ मिला है। लीना से मरने से एक दिन पहले ही इंस्टाग्राम पर अपना क्रिसमस रील अपलोड किया था। जानकारी के मुताबिक, चक्रधर के केलो विहार कॉलोनी निवासी एचआर नागवंशी अंबिकापुर के वरिष्ठ सहाकारिता निरीक्षक हैं। उनकी तीन बच्चों में सबसे छोटी लीना बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा थी। बताया जा रहा है कि सोमवार को लीना अकेले ही घर में थी। उसकी मां बाजार गई हुई थी। जब वह लौटीं तो लीना अपने कमरे में नहीं थी। इस पर उन्होंने लीना को काफी आवाज दी, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद लीना की मां उसे तलाश करते हुए छत पर गईं तो दरवाजा अंदर से बंद था। उन्होंने दरवाजा खटखटाया, लेकिन नहीं खुला। इस पर उन्होंने किसी तरह ब्रश की सहायता से दरवाजे को खोला और छत पर गईं। वहां लीना का शव पाइप से चुनरी के सहारे झूल रहा था। यह देखकर वह चिल्लाईं तो आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। साथ ही लीना के पिता को भी जानकारी दी गई।



सीबीएसई की प्रायोगिक परीक्षाएं अगले सप्ताह

नई दिल्ली, 27 दिसंबर (वार्ता)। सीबीएसई ने कक्षा 10वीं 12वीं के छात्रों के लिए प्रैक्टिकल परीक्षा कम इंटरनल असेसमेंट का शेड्यूल जारी कर दिया है। सीबीएसई की प्रायोगिक परीक्षाएं दो जनवरी से शुरू होंगी। सभी स्कूलों को 14 फरवरी तक इन परीक्षाओं को कराना होगा। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से प्रैक्टिकल परीक्षाओं की गाइडलाइंस भी जारी की गई है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से जारी परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार कक्षा 10वीं और 12वीं की प्रायोगिक परीक्षाओं की शुरूआत दो जनवरी से हो रही है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज ने बताया कि प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए स्कूलों को नियमानुसार परीक्षा नियंत्रक और पर्यवेक्षक, सहायक पर्यवेक्षक आदि नियुक्त करने होंगे। साथ ही प्रायोगिक परीक्षाओं के आयोजन के बाद उनकी कॉपियों का मूल्यांकन करना होगा और आयोजन की समयावधि के दौरान उनके प्राप्तांक भी अपलोड करने होंगे। सैद्धांतिक बोर्ड परीक्षाएं 15 फरवरी, 2023 से शुरू होने के आसार है। हालांकि, अभी आधिकारिक सैद्धांतिक बोर्ड परीक्षा कार्यक्रम जारी नहीं हुआ है। लेकिन इसके आजकल में जारी होने के आसार हैं।

सरकार की किरकिरी कराने वाले अफसरों पर गिर सकती है गाज

लखनऊ, 27 दिसंबर (वार्ता)। हाईकोर्ट के फैसले से हुई किरकिरी से सरकार नाराज है। इसका खामियाजा जिम्मेदार अधिकारियों को उठाना पड़ सकता है। चूक के लिए जल्द ही अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों पर कार्रवाई तय मानी जा रही है। उधर, इसकी भनक लगते ही अपनों को बचाने के लिए उच्च स्तर पर लीपापोती शुरू हो गई है। रैपिड सर्वे से लेकर आरक्षण की अधिसूचना जारी करने को लेकर कई स्तरों पर हुई चूक हुई। सूत्रों के मुताबिक हर बार निकाय चुनाव में स्थानीय निकाय की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, लेकिन इस बार रैपिड सर्वे से लेकर आरक्षण तय करने तक की प्रक्रिया से निदेशालय को दूर रखा गया, जो बड़ी चूक है। इस काम में अनुभवी के स्थान पर नए अधिकारियों को लगा दिया गया। नगर विकास विभाग ने सुप्रीम कोर्ट के वर्ष 2010 में दिए उस फैसले का भी ध्यान नहीं रखा, जिसमें स्पष्ट निर्देश थे कि चुनाव प्रक्रिया शुरू करने से पहले आयोग का गठन कर अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए वार्डों और सीटों का आरक्षण किया जाए। विभाग ने सिर्फ नए नगर निकायों में रैपिड सर्वे कराते हुए पिछड़ों की गिनती कराई और आरक्षण तय कर दिया। पुराने निकायों में रैपिड सर्वे ही नहीं कराया। हाईकोर्ट के फैसले के बाद सरकार की ओर से पिछड़ों का आरक्षण तय करने के बाद ही निकाय चुनाव कराने के निर्णय से साफ हो गया है कि इसमें वक्त लगेगा। सरकार को आयोग का गठन करना होगा और आयोग की निगरानी में ही अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने की प्रक्रिया अपनानी होगी। उधर, फरवरी में सरकार ग्लोबल इंवेस्टर समिट करा रही है। फरवरी-मार्च में यूपी समेत विभिन्न बोर्डों की परीक्षाएं भी होनी हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि सरकार के लिए अप्रैल या मई से पहले चुनाव कराना संभव नहीं है। दरअसल 2017 में नगर निकाय चुनाव के लिए 27 अक्तूबर को अधिसूचना जारी की गई थी और तीन चरणों में संपन्न हुए चुनाव की मतगणना 1 दिसंबर को हुआ था। इस लिहाज से इस वर्ष भी समय पर चुनाव कराने केलिए सरकार को अक्तूबर में ही अधिसूचना जारी करनी थी, लेकिन नगर विकास विभाग की लचर तैयारी से चुनाव प्रक्रिया देर से शुरू हुई। वार्डों और सीटों के आरक्षण दिसंबर में हुआ। पांच दिसंबर को मेयर और अध्यक्ष की सीटों का प्रस्तावित आरक्षण जारी किया गया। नगर विकास विभाग यह मान कर चल रहा था कि 14 या 15 दिसंबर तक वह चुनाव आयोग को कार्यक्रम सौंप देगा, लेकिन मामला हाईकोर्ट में फंस गया।

चारधाम में प्लास्टिक प्रयोग पर लगेगा सख्त प्रतिबंध

देहरादून, 27 दिसंबर (वार्ता)। चारधाम में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लगेगा। हर जिले की परिस्थितियों और भौगोलिक स्थिति से प्लास्टिक का उपयोग रोकने के लिए प्लान बनेंगे। मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु ने सोमवार को सिंगल यूज प्लास्टिक व ठोस कचरा प्रबंधन को लेकर यह निर्देश दिए। सचिवालय में हुई बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने एवं प्रदेश में सफाई को लेकर आमजन की सक्रिय भागीदारी के लिए विशेष कदम उठाने की जरूरत बताई। उन्होंने सभी जिलों में ग्रामीण, शहरी और वन क्षेत्रों के अंतर्गत सफाई के लिए एक्शन प्लान तैयार कर 100 प्रतिशत अनुपालन करने के निर्देश दिए। कहा कि इस काम के लिए सभी जिलाधिकारियों को इनोवेटिव होने की जरूरत है। एक जिले के लिए एक प्लान काम नहीं करेगा। कहा कि हर क्षेत्र का एक साइट स्पेसिफिक प्लान होगा, तभी प्रदेश को साफ सुथरा किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्रों में भी प्लास्टिक यूज को रोकने के लिए विशेष प्रयास करने की जरूरत है। चारधाम यात्रा में प्लास्टिक को प्रतिबंधित करने पर भी विचार किया जाए, ताकि धामों को स्वच्छ रखा जा सके। बैठक में अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, पीसीसीएफ विनोद कुमार, सचिव विजय यादव आदि मौजूद रहे।

चरथावल रोड पर अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर (बु.)। जिले में आज फिर कुमार द्वारा प्राधिकरण

से मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चरथावल रोड पर मदरसे के सामने अवैध रूप से बसाई जा रही कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के थाना कोतवाली में सचिव आदित्य प्रजापति की उपस्थिति में ग्राम खांजापुर में अंसार अहमद, जुनेद, अब्दुल शकूर, अर्जुन कुमार व सुशील से तलपट मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध प्लॉटिंग करके विकसित की जा रही कालोनी को विकास प्राधिकरण द्वारा ध्वस्त कर दिया गया। उक्त अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध प्राधिकरण द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किये गये थे, जिसमें चालानी कार्यवाही के उपरान्त ध्वस्तीकरण आदेश निर्गत किये गये थे। इसके बावजूद अवैध कालोनी के भू-स्वामियों द्वारा स्थल से अवैध प्लॉटिंग को नहीं हटाया गया था। प्राधिकरण द्वारा उक्त स्थलों पर विकसित की जा रही अवैध प्लॉटिंग के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी है। अवैध कालोनियों के ध्वस्तीकरण के समय प्राधिकरण के सहायक अभियन्ता भरत पाल, अवर अभियन्ता, जयकरन त्यागी, राजीव कोहली, हितेश गुप्ता के साथ-साथ स्थानीय सुपरवाईजर आदि भी उपस्थित रहे।

दिल्ली के श्रेष्ठ पेट के कैंसर रोग विशेषज्ञ से परामर्श अब आपके शहर मुज़फ़्फ़रनगर में
मैक्स हॉस्पिटल, पटपड़गंज, नई दिल्ली के सौजन्य से
डॉ. विवेक मंगला, डायरेक्टर - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
दिनाँक: बृहस्पतिवार, 29 दिसम्बर, 2022 | सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक
स्थान: इवान हॉस्पिटल, भोपा रोड, मुजफ्फरनगर
विशेषताएं: पेट के समस्त कैंसर I आँतों एवं आहार नली से सम्बंधित रोग I आंतों का कैंसर पेट सम्बन्धी समस्त रोग I पैनक्रिया से सम्बंधित सभी रोग
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: 8218 149 646
evan multi speciality hospital | मैक्स हेल्थकेयर
मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, पटपड़गंज (बालाजी मेडिकल एंड डायग्नोस्टिक रिसर्च सेंटर की एक इकाई)
108 ए, इंद्रप्रस्थ एक्सटेंशन, पटपड़गंज, नई दिल्ली -110 092 फोन: + 91-11-4303 3333

भावपूर्ण स्मरण

फोटो बुलेटिन

एम.जी. पब्लिक स्कूल में आयोजित सफर-ए-शहादत कार्यक्रम में सिखों के दस गुरूओं का जीवन दर्शन प्रस्तुत करते छात्र एवं कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि, स्कूल प्रबंधन तथा शिक्षक व अन्य।

एम.जी. पब्लिक स्कूल में मनाया गया वीर बाल दिवस

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर (बु.)। एम.जी. पब्लिक स्कूल प्रांगण में धर्म, देश और समाज की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान करने वाले सिखों के दसवें गुरू गुरू गोविंद सिंह और उनके चार साहिबजादों को समर्पित शहीदी दिवस पर वीर बालकों को भावपूर्वक श्रद्धा नमन करते हुए गुरूओं की सीख का प्रेरक संदेश विद्यार्थियों को दिया गया।

एम.जी. पब्लिक स्कूल प्रांगण में मंगलवार को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस (सफर-ए-शहादत) कार्यक्रम आयोजित हुआ। अतिथि के रूप में पहुंचे श्री गुरू सिंह सभा, मुजफ्फरनगर के प्रधान स. गुरूचरण सिंह बराड, अन्य पदाधिकारियों के साथ एम.जी. चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश गोयल, श्रीमति मधु गोयल, स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के कोषाध्यक्ष रोहित सिंघल, विनीत सिंघल का स्कूल प्रिंसीपल श्रीमति मोनिका गर्ग ने स्वागत किया।

इसके उपरांत कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। मंचीय प्रस्तुतियों के सहारे छात्र एवं छात्राओं ने गीत, कथा और भजनों के माध्यम से मुगलों के खिलाफ लड़े गये पंजाब के चमकौर के युद्ध का संजीव चित्रण करते हुए उसमें शहीद हुए गुरू गोविंद सिंह जी के चार साहिबजादों बाबा अजित सिंह, बाबा फतेह सिंह के साथ ही बाबा जोरावर सिंह और बाबा जुझार सिंह सहित माता गुजर कौर की शहादत के हर उस पहलू को बयां करने का सार्थक प्रयास किया, जो हमारा समाज आज कहीं न कहीं भुला चुका है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सुन्दर ढंग से सिख समाज के सभी 10 गुरूओं का जीवन दर्शन, संघर्ष और कुर्बानियों को सीख 'भुला न देना तुम कुर्बानी गुरूओं की' के माध्यम से प्रस्तुत किया। कक्षा-4 की नन्हीं छात्रा लवलीन ने भी अपने सुन्दर गीत के माध्यम से धर्म की रक्षा के लिए कुर्बान हुए गुरूओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी को भाव विभोर कर दिया, तो वहीं छात्र जसकिरत ने भजन के माध्यम से रूहानी प्रस्तुति दी। इसके उपरांत छात्रा ने नौंवे गुरू गुरू तेगबहादुर के संघर्ष और बलिदान को कथा के माध्यम से प्रस्तुत कर दिल्ली के गुरूद्वारा शीशगंज की स्थापना की जानकारी सभी को देने का सार्थक प्रयास किया। विद्यार्थियों के सामूहिक प्रदर्शन के तहत वीर बालकों की कुर्बानी पर भावपूर्ण प्रस्तुति ने माहौल को भावुक कर दिया और सभी ने 'जो बोले सो निहाल सत अकाल' का जयघोष किया। स्कूल की शिक्षिकाओं ने गुरूबाणी प्रस्तुत की और विद्यार्थियों को यही संदेश दिया कि धर्म एक कर्तव्य है, गुरूओं द्वारा दी गई शिक्षा ही समाज की अमूल्य धरोहर है, इसको सहेजकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

गुरू गोविंद सिंह जी, माता गुजर कौर और चार पुत्रों की कुर्बानी को श्रद्धा नमन

कार्यक्रम में ज्ञानी हरजीत सिंह ने अपने संदेश में कहा कि शहीदी दिवस इसी स्कूल द्वारा मनाना शुरू किया और आज यह राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के रूप में पूरे देश, प्रदेश और जिले में मनाया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने स्कूल मैनेजमेंट और प्रिंसीपल के साथ ही सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास बच्चों को संस्कारवान बनाने के साथ ही धर्म और इंसानियत से जोड़ते हैं। श्री गुरू सिंह सभा के प्रधान स. गुरूचरण सिंह बराड ने कहा कि वो कई साल से स्कूल में यह कार्यक्रम देख रहे हैं। यह परम्परा ही बच्चों को अपने महापुरुषों से जोड़ती है।

अंत में विद्यालय की प्रिंसीपल श्रीमति मोनिका गर्ग ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम कराने का उद्देश्य बच्चों को अपने धर्म, संस्कृति और देश के साथ जोड़ने के लिए प्रेरित करना है। नई पीढ़ी को भी महापुरुषों के जीवन दर्शन और बलिदान से सीख मिले। गुरूओं ने हमेशा ही सत्यनिष्ठा की सीख देकर ईमानदारी और इंसानियत का मार्ग दिखाया है। हम जीवन में यदि अच्छा इंसान बन पाये तो सभी लक्ष्य पा सकते हैं। उन्होंने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि सामाजिक बुराईयों को दूर करने में सहयोगी बनें और इसकी शुरूआत खुद अपने से की जाये।

प्रिंसीपल ने कहा कि सिख गुरुओं का बलिदान व त्याग हमें प्रेरणा देता है। गुरू गोबिंद सिंह ने अपने चार साहिबजादों को बलिदान कर दिया। यह दिन गुरू गोविंद सिंह के चारों पुत्रों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस घोषित किया था। बाल दिवस के कार्यक्रम की यह श्रृंखला हम सभी को इतिहास से जोड़ती है। बलिदान की यह प्रेरणा हमें भी विपरीत परिस्थितियों में जूझने की शक्ति प्रदान करती है। उन्होंने आभार जताया। संचालन दीपाली गोयल ने किया। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

एम.जी. चेरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन सतीश गोयल, श्रीमति मधु गोयल, स्कूल मैनेजमेंट कमेटी कोषाध्यक्ष रोहित सिंघल, विनीत सिंघल, श्री गुरू सिंह सभा के प्रधान स. गुरूचरण सिंह बराड, महासचिव स. रणजीत सिंह राजवाल, ज्ञानी स. हरजीत सिंह, स. सतपाल सिंह मान, स. सुन्दर सिंह, स. परमजीत सिंह, स. रविन्दर सिंह, स. महेन्द्र सिंह बेदी, स. जसविन्दर सिंह बग्गा और एडीजीसी विक्रांत राठी भी मौजूद रहे।

शाहपुर में राशन की दुकानों का निरीक्षण

शाहपुर, 27 दिसंबर (बु.)। शाहपुर में आज जिला पूर्ति अधिकारी के द्वारा राशन की दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में दुकानों पर कोई अनियमितता नहीं मिली। नगर में आज दोपहर जिला पूर्ति अधिकारी राघवेंद्र सिंह के द्वारा राशन डीलर शैली मित्तल की दुकान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टॉक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर एवं अन्य अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कोई भी अनियमितता नहीं मिली। अच्छे वितरण और रख-रखाव के लिए जिला पूर्ति अधिकारी ने संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी राजेश चौधरी, राजकुमार, संजीव कुमार आदि मौजूद रहे। इसके अलावा क्षेत्र के गांव धनायन की राशन की दुकान का निरीक्षण भी किया गया। उधर पूर्ति निरीक्षक राजेश चौधरी ने नगर की अन्य राशन की दुकानों का निरीक्षण कर वितरण को परखा, कोई अनियमितता नहीं मिली।

आचार्यकुल का जिला अस्पताल को दान

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर (बु.)। प्रमुख गांधी विचारक होती लाल शर्मा प्रान्तीय अध्यक्ष आचार्य कुल के नेतृत्व में जिला आचार्यकुल के अध्यक्ष चै. राजबीर सिंह, उपाध्यक्ष चै. देवराज, पं. शिव कुमार, सत्यप्रकाश शर्मा, पूनम शर्मा, शशी गोयल, सुष्मा सिंह, उमा चै. अशांक आदि ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राकेश कुमार को उत्तम क्वालिटी के आठ हीटर तथा हृदय विभाग के रोगियों को गर्म पानी उपलब्ध कराने हेतु गीजर भेंट किये। जिला आचार्यकुल की इस सेवा के प्रति चिकित्सालय परिवार ने समस्त आचार्यकुल के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर वहां कार्यरत मैट्रन सिस्टर चै. सरिता, डॉ. योगेन्द्र त्रिखा, डॉ. विनय कौशिक, डॉ. गुप्ता, राजकुमार गोस्वामी, डॉ. वी.आर यादव, डॉ. हारून, डॉ. जैन, अनिल कुमार सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला आचार्यकुल की ऐसी जन सेवाओं की सभी ने सराहना की।

ग्राहक को इशारा करने पर हुई दुकानदारों में मारपीट, दो घायल

कैराना, 27 दिसंबर (बु.)। ग्राहक को इशारा करने पर दो दुकानदारों में मारपीट हो गई। दोनों पक्षों की ओर से दो व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने दोनों का मेडिकल कराते हुए कार्यवाही शुरू कर दी। मौहल्ला जोड़वा कुआं स्थित घनश्यामदास व मनोज कुमार सिंघल की बराबर-बराबर में कॉस्मेटिक की दुकान मौजूद हैं। घनश्याम दास ने आरोप लगाया कि मंगलवार की दोपहर करीब 1 बजे एक ग्राहक उसकी दुकान पर आ रहा था। तभी मनोज ने उसे इशारा कर दिया। उसके द्वारा मना किया गया तो मनोज ने अपने पुत्रों के साथ उसके साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिसमें वह घायल हो गया। वहीं दूसरी ओर मनोज कुमार सिंघल ने भी कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि घनश्याम दास व उसके पुत्रों ने उसकी दुकान में घुसकर लाठी-डंडों से वार कर दिये, जिसमें उसके पुत्र करण को चोट आई। झगड़े की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। कार्यवाहक कोतवाली प्रभारी एसएसआई राजेश कुमार ने बताया कि दोनों घायलों की डॉक्टरी कराई गई।

दिव्यांगजनों की खातिर योगी सरकार ने शुरू की पहल

मुजफ्फरनगर, 27 दिसम्बर (बु.)। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के द्वारा शल्य चिकित्सा योजनान्तर्गत 03 दिव्यांग बच्चों का कॉक्लियर इम्प्लान्ट सर्जरी 23 दिसम्बर को मेरठ के लोकप्रिय हॉस्पिटल करायी गयी है। योजनान्तर्गत प्रदेश में 0 से 5 वर्ष तक की आयु के दिव्यांग बच्चों की कॉक्लियर इम्प्लान्ट सर्जरी कराई जाती है।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी शिवेन्द्र कुमार ने बताया कि निदेशक दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजन के लिये राज्य निधि के प्रबन्धन को विभाग के अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित शासकीय निकाय की बैठक में दिव्यांगजन के लिए राज्य निधि से धनराशि व्यय किये जाने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त निर्गत दिशा-निर्देश बीते वर्ष 14 सितबंर में दिव्यांगजन के हितार्थ 4 प्रकार के वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने का प्राविधान है। योगी सरकार की पहल पर प्रदेश में शुरू गई योजना के तहत उ0प्र0 के दिव्यांगजन द्वारा बनाये चित्रों, हस्त कला आदि समेत उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिये प्रदर्शनी एवं कार्यशालाओं हेतु धनराशि सहायता के रूप में उपलब्ध कराने के साथ प्रदेश के दिव्यांगजन जिनका खेल, ललित कला, संगीत, नृत्य, फिल्म, थियेटर, साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हो, उन्हें राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय आयोजन में शामिल होने व खेल आयोजन हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना शामिल है। इसके साथ दैनिक जीवन के गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिये बैंच मार्क दिव्यांगता के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण क्रय करने को वित्तीय सहायता व दिव्यांगजन जो गंभीर बीमारियों यथा-कैंसर, थैली सीमिया, प्लॉस्टिक एनीमिया, बहुस्केलोरोसिस से ग्रसित हों या आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना से आच्छादित न हो, को चिकित्सा हेतु वित्तीय सहायता दिए जाने की व्यवस्था है। सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के इच्छुक लोग विकास भवन कार्यालय में अपने आवेदन कर सकते हैं।

तीन दिव्यांग बच्चों की मेरठ ले जाकर विभाग ने कराई शल्य चिकित्सा

मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर, (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव ये रहेः- ढैया-1290-1305, रसकट ढैया-950-970, चाकू 1115-1282, लड्डू 1150-1290, खुरपापाड़ 1130-1150, शक्कर मसाला 1300-1315। आमद-8,000 मन।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर, (बु.)।
सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहेः-
सोना- 53,000 चांदी-65,000
सिक्का- 750 गिन्नी- 41,000

जयंत के बर्थ-डे पर किया कार्यकर्ताओं ने रक्तदान

फोटो बुलेटिन

अस्पताल में रक्तदान करते रालोद कार्यकर्ता व गांव में केक काटते जिला अध्यक्ष एवं अन्य नेता।

मुजफ्फरनगर, 27 दिसम्बर (बु.)। रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के 44वें जन्म दिन पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल ब्लड बैंक में पूर्व के वर्षो की भांति रक्तदान शिविर आयोजित करते हुए जन्म दिन मनाया।

केक काटकर की दीर्घायु होने की प्रार्थना

रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के जन्मदिन पर जनपद में हर वर्ष जिला अस्पताल के ब्लड बैंक पर युवा रालोद कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान शिविर का इस बीच आयोजन किया। इसी के तहत मंगलवार को जयंत चौधरी के 44 वें जन्म दिवस पर रालोद का 10वां रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें सैकड़ों युवा व छात्रों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। इसके साथ ही रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के जन्म दिवस पर कार्यकर्ताओं द्वारा इस बीच केक काटकर उनकी लंबी आयु की मंगल कामना की गई। जिला अस्पताल में आयोजित किए गए रक्तदान शिविर का आयोजन पूर्व जिला अध्यक्ष युवा रालोद हर्ष राठी ने किया और सहयोग करने में युवा अध्यक्ष विदित मलिक, जिला पंचायत सदस्य युनुस चौधरी, गौरव बालियान, विकास कादियान, आदेश तोमर, अरशद राजपूत, काजी फैज, मोहित मलिक, राजू वाल्मीकि, हरेंद्र पाल, हाजी गुलरेज, समीर चौधरी, राहुल ठाकरान, हर्षित कादयान, सुशील शर्मा, ओमपाल काश्यप, मोंटी कादयान, अनिल खोखर समेत सैकड़ों युवा जुटे। युवाओं का उत्साह बढ़ाने जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, कृष्णपाल राठी चेयरमैन, मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, संजय राठी, सुधीर भारतीय आदि भी पहुंचे।

दो दिवसीय संयुक्त खेल प्रतियोगिता का आयोजन

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर (बु.)। एसएसके पब्लिक स्कूल में एसएसके कॉन्वेट स्कूल गांधी कॉलोनी व एसएसके पब्लिक स्कूल का संयुक्त दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता में सभी वर्ग के छात्र-छात्राओं ने पूर्ण उत्साह से भाग लिया।

इन प्रतियोगिताओं में प्रमुख रूप से 100मी., 40मी. की दौड, खो-खो व बैड मिंटन का आयोजन प्रथम दिन किया गया, जिसमें गौरी, शगुन, नन्दिन, अंशिका, जिकरा भिसबा, कृष्णा, विशु, नायरा, आदित्य, अक्शित, देव प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। दूसरे दिन 400मी. की रील दौड़, बैड़मिंटन व क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने भरपूर आनन्द लिया व खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। इन प्रतियोगिताओं में सन्नी, अंश, सार्थक, कार्तिक, जैद, वंश, नितिन आदि प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के समापन पर विभिन्न सांस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वप्रथम भिसबा तथा अनु द्वारा माँ सरस्वती की वन्दना प्रस्तुत की।

बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर में विद्यार्थियों का जलवा

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर (बु.)। एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंन्ट स्टड्डीज में बीएससी (सीएस) चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज में बीएससी (सीएस) चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित होने के उपलक्ष में बीएससी (सीएस) के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान पर आने वाले देवांश कुमार ने 85.2 प्रतिशत, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली कनिका ने 80.8 प्रतिशत व तृतीय स्थान पर आने वाली तनिष्का सिंह ने 80.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। हमारे कॉलेज मे बीएससी (सीएस) के 97 प्रतिशत छात्र/छात्रा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण रहे।



छात्र/छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, अभिभावकों व बीएससी (सीएस) विभाग के सभी शिक्षकगणों को दिया। प्रतिभाशाली छात्र/छात्राओं ने सभी शिक्षकगणों को अपनी कामयाबी के लिये धन्यवाद देते हुये कहा कि महाविद्यालय द्वारा विभिन्न वर्कशॉप के आयोजन निरन्तर किये गये, जिसके परिणामस्वरूप हमारे परीक्षाफल में तथा हमारे अध्ययन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कॉलेज प्राचार्य डा. संदीप मित्तल ने उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को भविष्य में निरन्तर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। विभागाध्यक्ष डा. संजीव तायल ने कहा कि हमारे कॉलेज में छात्र/छात्राओं के लिये प्लेसमेंट के मार्गदर्शन की समुचित व्यवस्था है। डा. आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि बीएससी (सीएस) विभाग से चाँदना दीक्षित, रोबिन गर्ग, मौ. अन्जर, मोहित गोयल, श्वेता, राहुल शर्मा, प्रियंका शर्मा, रितु, अनुज गोयल, अवनी सिंघल, शशांक भारद्वाज, प्रशान्त गुप्ता, विनिता चौधरी, अमित, सतीश व उमेश मलिक आदि शिक्षकों व स्टॉफ ने परीक्षा में उत्तीर्ण हुए सभी प्रतिभाशाली छात्र/छात्राओं को सफलता के लिए बधाई और आशीर्वाद देकर हर्ष व्यक्त किया।

आपका आज का राशिफल

बुधवार, 28 दिसंबर, 2022

मेष- कार्य सिद्धि का प्रयास सार्थक, व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, योजना फलीभूत, स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद।

वृषभ- पक्षों में अनुकूलता, समस्याओं का संतोषजनक समाधान, पठन-पाठन में रुचि, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, यात्रा सफल।

मिथुन- नवीन योजना का श्री गणेश, राजनीतिक अभिरुचि, भौतिक सुख के निमित्त व्यय, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त, आपसी प्रसन्नता।

कर्क- गृहस्थिति विपरीत, स्पष्टवादिता घातक, ताल-मेल का अभाव, बात-बात पर क्रोध, घरेलू समस्याओं से अशांति, वैवाहिक जीवन असंतोषजनक।

सिंह- स्वास्थ्य अनुकूल, कर्ज निवृत्ति का प्रयास, भोग-विलासिता की ओर सम्मान, उपलब्धि, यात्रा संतोषजनक, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता।

कन्या- आर्थिक उन्नति, शुभ-भावनाओं का उदय, आत्मीयजनों से मधुरता, आत्मिक शांति, आनन्द की अनुभूति, सुख के जरूरी साधन सुलभ, यात्रा सफल।

तुला- विचारित कार्यों में प्रगति, विवाद का समापन, मित्रों से विचार विनिमय, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम, अध्यावसाय की ओर रुझान, वैवाहिक जीवन सुलभ।

वृश्चिक- योजना की पूर्ति में बाधा, आरोग्य सुख में कमी, लाभ का मार्ग अवरूद्ध, पठन-पाठन में अरुचि, सुख शांति का अभाव, उग्रता, क्रोध की अधिकता।

धनु- सद्विचारों का उदय, लाभ का मार्ग प्रशस्त, नौकरी पदोन्नति विषयक मसला हल, विशिष्टजनों से सम्पर्क, धर्म अध्यात्म में आस्था, राजनैतिक कार्यों में रुचि।

मकर- अभिलाषा की पूर्ति का सुयोग, नीजी जिन्दगी में नवीन उपस्थित, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त, रचनात्मक अभिरुचि।

कुम्भ- कार्य व्यवसाय में अनुकूलता, परिवार में धार्मिक आयोजन सम्पन्न, उच्चाधि-कारियों से सम्पर्क, मित्रों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति।

मीन- आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम, व्यक्ति विशेष से हानि, सुख-सुविधा का अभाव, मित्रों से मतभेद, वाहन से भय, चोट-चपेट दुर्घटना का आशंका।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

बैंक कर्मचारी पर लगाया अभद्रता करने का आरोप

गांव निवासी युवक ने एलडीएम को पत्र लिखकर की बैंक कर्मी की शिकायत

मुजफ्फरनगर, 27 दिसम्बर (बु.)। बैंक कर्मचारी पर अपने उत्पीड़न, गाली गलौच व अभद्रता किए जाने के आरोप लगाते हुए एक खाताधारक ने अग्रणी बैंक प्रबंधक से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि गांव का ही बैंक कर्मचारी होने के कारण उसका व्यवहार अधिकांश लोगों के साथ बुरा है, जिसके कारण आए दिन बैंक में हंगामे की स्थिति बनी रहती है। पीड़ित ने उक्त मामले में जांच किए जाने के साथ बैंककर्मी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कराए जाने की मांग की है।

मंगलवार को ग्राम जट मुझेड़ा निवासी नितिन अंबानी ने मंडल प्रमुख जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को लिखे पत्र में गांव की शाखा में कार्यरत बैंक कर्मचारी की शिकायत की है। शिकायतकर्ता युवक ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि बैंक कर्मी द्वारा बिजनौर जनपद के गांव अमीरनगर निवासी सुभाष पुत्र बुद्धु ने बैंक में ऑनलाइन खुलवाए गए उसके खाते को फर्जी बताया, इसको लेकर जब वें बैंक में जाकर उस कर्मचारी से मिले और अपनी बात को रखते हुए खाते को सही बताया तथा दस्तावेज भी दिये, तो उसने नहीं माने। युवक का यह भी आरोप है कि इस मामले में बदतमीजी का विरोध किए जाने पर हाथ मरोड़ने के साथ ही गाली गलौच करते हुए आरोपी बैंक कर्मचारी ने उन दोनों के साथ अभद्रता की और जेल भिजवाने के लिए केस कर देने की धमकी दी। पीड़ितों ने उक्त मामले में दोषी बैंक कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने के साथ उन्हें न्याय दिलाए जाने की मांग की।

कंप्यूटर-इंजीनियरिंग के छात्रों का कंपनी में चयन

श्रीराम कॉलेज में हुआ ऑनलाइन साक्षात्कार, कंपनी ने दिया आमंत्रण

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर (बु.)। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में नोएडा की प्रतिष्ठित कम्पनी क्यू स्पाइडर्स प्रा. लि., ने कॉलेज की इंजीनियरिंग की सभी शाखाओं एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन के विद्यार्थियों को चयन हेतु ऑनलाइन आंमत्रित किया।

कम्पनी प्रतिनिधि एचआर मैनेजर देविका रानी एवं एचआर रिक्रूटर क्यू स्पाइडर्स प्रा. लि., नोएडा पूजा ने सम्पूर्ण प्लेसमेंट ड्राइव को ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से आयोजित किया। संस्थान के निदेशक डॉ. आलोक गुप्ता, डीन एकेडेमिक्स डॉ. सुचित्रा त्यागी एवं चीफ ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट कोओर्डिनेटर, आशीष चौहान ने कम्पनी प्रतिनिधियों का स्वागत किया। कम्पनी प्रतिनिधि पूजा ने पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन द्वारा सभी विद्यार्थियों को कम्पनी के बारे में बताया। प्लेसमेन्ट प्रक्रिया के प्रथम चरण में श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के 187 छात्र/छात्राएं सम्मिलित हुए, जिसमें से 114 छात्र/छात्राएं द्वितीय चरण के लिए चयनित हुए। चयनित छात्रों को व्यक्तिगत साक्षात्कार की प्रक्रिया के लिए आंमत्रित किया गया। द्वितीय चरण के उपरांत 48 विद्यार्थियों को चयनित किया और छात्रों को कम्पनी द्वारा ऑफर लैटर दिया गया। चयनित छात्रों में बीटेक से योगेश कुमार, अंश कुलश्रेष्ठ, अंगदप्रीत, बादल सैनी तथा कम्प्यूटर एप्लीकेशन से आर्यन सारस्वत, गरिमा, रवि कुमार आदि रहे। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने सभी को बधाई दी।

गांधी इंटर कॉलेज में खेल स्पर्धा हर्षोल्लास से संपन्न

संदीप वर्मा की चार सौ मीटर दौड़ से हुआ प्रतियोगिता का उद्घाटन

चरथावल, 27 दिसम्बर, (बु.)। गांधी इंटर कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ विधिवत समापन सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जहां प्रबन्ध तंत्र व विशिष्ठ अतिथियों ने विजयी छात्र- छात्राओं को शुभकामनाएं दीं, वहीं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मंगलवार को गांधी इंटर कॉलेज चरथावल में आयोजित खेल स्पर्धा का हर्षोल्लास के साथ विधिवत समापन हुआ। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ठ अतिथि पधारे पूर्व जिलापंचायत सदस्य सन्दीप वर्मा ने 400 मीटर फाइनल दौड़ के उद्घाटन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कॉलेज के शारीरिक शिक्षक समीर चैधरी के निर्देशन में सभी खेल स्पधाएं विधिवत सम्पन्न हुईं, जिनमें बॉलीबॉल मैच, रस्साकसी, साईकिल दौड़ तथा म्यूजिकल चेयर का सभी ने खूब आनंद लिया। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण करते हुए प्रबंधक नवीन सिंघल, अध्यक्ष आदेश गर्ग नवरंग तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष गर्ग ने सभी विजयी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए जहां उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की, वहीं छात्र जीवन में खेलों के महत्व पर विस्तार से प्रकाश भी डाला। समापन के इस मौके पर उपाध्यक्ष नरेश चंद कंसल, अरविंद गोयल, रिक्की गर्ग, नितिन शर्मा मौजूद रहे। कॉलेज के अध्यापकगणों अजय कुमार, सुषमा दीक्षित, उमेश यादव, जय प्रकाश, अरुण कौशिक व शेंकी गर्ग आदि का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन लालचंद यादव ने किया।

एसडी पब्लिक स्कूल में बीआईएस क्विज प्रतियोगिता का आयोजन, स्टैंडर्ड क्लब सदस्यों ने किया प्रतिभाग

छात्र मुकुल, अर्णव और अवतांश ने दिया अपने बौद्धिक कौशल का परिचय

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर (बु.)। एसडी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में बीआईएस गाजियाबाद शाखा द्वारा विद्यालय के स्टैंडर्ड क्लब के सदस्यों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत स्टैंडर्ड क्लब के छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया।

मुख्य अतिथि के रूप में बीआईएस (ब्यूरो ऑफ इण्डियन स्टैंडर्ड) शाखा गाजियाबाद (उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिकता वितरण मंत्रालय) हरिओम मीना (असिस्टेंट डायरेक्टर) विद्यालय में पधारे, जिनका स्वागत विद्यालय डायरेक्टर चंचल सक्सैना, प्रधानाचार्या अनीता दत्ता एवं उप प्रधानाचार्य शिव कुमार शर्मा ने पौधा देकर किया। साथ ही एसपीओ रोहित राय, रिसोर्स पर्सन शुचि द्विवेदी, नीरज वर्मा एवं राजीव वर्मा कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

तत्पश्चात सभी अतिथियों ने कार्यक्रम का प्रारंभ वाग्देवी सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके किया। कार्यक्रम का संचालन स्टैंर्ड क्लब की मेंटर डॉ. रचना जैन एवं इरा तायल के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन बीआईएस तथा एनजियों के संचालन राजीव वर्मा के सौजन्य से किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स से आए अधिकारियों ने छात्रों के काउंसलिंग कार्यक्रम के अन्तर्गत बीआईएस से परिचित कराते हुए बताया कि यह भारतीय मानक ब्यूरो, भारत में राष्ट्रीय मानक निर्धारित करने वाली संस्था है। उन्होंने युवा मन में मूल्यों और माननीकरण के महत्व को स्थापित करने का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए स्टैंडर्ड्स चिह्न आदि की उपयोगिता को समझाया।

बीआईएस के लक्ष्य के अन्तर्गत बताया कि यह वस्तुओं के माननीकरण और गुणवत्ता नियंत्रण करता है, जिसके लिए बीआईएस की प्रयोगशालाओं में विभिन्न प्रकार के उत्पादों के नमूनों की जाँच की जाती है। तत्पश्चात छात्रों के मध्य एक क्विज कांटेस्ट का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी बौद्धिक कुशलता का परिचय देते हुए प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। ब्यूरो ऑफ स्टैंडर्ड शाखा से पधारे हरिओम मीना ने प्रथम स्थान पर मुकुल कश्यप, द्वितीय स्थान पर अर्णव गोयल और तृतीय स्थान पर अवतांश अग्रवाल को पुरस्कृत किया। इसके अतिरिक्त सभी शेष विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। मुख्य अतिथि हरिओम मीना ने सभी विद्यार्थियों को अपने संबोधन में इस जागरूकता कार्यक्रम में सजगता पूर्वक प्रतिभाग करने के लिए शुभकामनाएं दी। डायरेक्टर श्रीमती चं

1973-2022

सम्पादक की क़लम से

फ्लॉप फिल्मों का रिकॉर्ड

यह साल मुंबईया फिल्म इंडस्ट्री के लिए घाटे का भी रहा और सबक देने वाला भी रहा। इस साल मुंबईया फिल्म इंडस्ट्री से फ्लॉप फिल्मों का रिकार्ड बना है। मुंबईया फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े बड़े लोगों का बर्ताव उनके इंटरव्यूज में उनकी भाषा, शारीरिक भाषा देखकर यही लगता है कि उन्होंने अभी तक हो रहे अपने पतन से कोई सबक नहीं लिया है। 38 बड़ी मुंबईया फिल्मों को करीब 2040 करोड़ का नुकसान हुआ है। दिलचस्प ये रहा कि भारत की सबसे छोटी फिल्म इंडस्ट्रीज में गिनी जाने वाली कन्नड़ सिनेमा की 5 फिल्मों ही ने 2056 करोड़ की कमाई कर डाली। 2023 में मुंबई का फिल्म उद्योग कैसे कमबैक करेगा, ये देखने लायक हो सकता है। नये साल में सबसे ज्यादा सिने प्रेमियों की निगाहें शाहरुख खान पर रहेंगी, क्योंकि 4 साल बाद शाहरुख वापसी कर रहे हैं और उनकी 3 फिल्में आएंगी। बायकाट बॉलीवुड या बायकाट कॉपीवुड से मुंबई फिल्म उद्योग का बहुत नुकसान हुआ, साथ ही यह भी सच है कि मुंबई फिल्म उद्योग कोई बेहतरीन फिल्म नहीं दे सका। 2018 में शाहरुख की फिल्म जीरो आई थी जो जीरो ही रही। इसके बाद रॉकेट्री और ब्रह्मास्त्र जैसी फिल्मों में वो मेहमान कलाकार बने। पूरे 5 साल हो चुके हैं, 2023 में उनकी एक साथ तीन फिल्में आ रही हैं। शाहरुख अपने 5 साल के अंतराल में कई तरह के विवादों में घिरे रहे। कभी बेटे आर्यन का ड्रग केस में फंसना हो, उनका वैष्णोदेवी मंदिर जाना और फिर बेशर्म रंग गाने पर फिल्म का बायकॉट ट्रेंड शुरू हो जाना। उन पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप हैं। इसे लेकर अयोध्या में शाहरुख खान का बहुत विरोध हुआ। अयोध्या के गुरु परमहंस आचार्य ने पहले शाहरुख खान का पुतला फूंका था और पुतला फूंकने के 13वें दिन विधिपूर्वक तेरहवीं का संस्कार भी कर दिया। पठान फिल्म के गाने बेशर्म रंग में भगवा रंग को जोड़ने से आचार्य परमहंस को आपत्ति थी। आचार्य परमहंस कहते हैं कि हम दूसरों की संस्कृति का हमेशा सम्मान करते हैं, लेकिन सनातनियों की आस्था का लगातार अपमान हो रहा है। अब ऐसे में इसे सहन नहीं किया जाएगा। बेशर्म गाने की धुन भी चुराई गई है, बोल भी एक पुरानी फिल्म के हैं और दीपिका ने नृत्य भी अश्लील किया है। मुंबईया फिल्म इंडस्ट्री में अपने बड़बोले पन के लिए चर्चित और बड़े अभिनेता-अभिनेत्रियों की अपने वीडियो और ट्वीट के जरिये मजाक उड़ाने वाले एक फ्लॉप कलाकार ने ट्वीट किया, बॉलीवुड अभी बड़ी समस्या में है। वरुण धवन वेब सीरीज स्टार बन चुके हैं। विक्की कौशल ओटीटी स्टार बन गए हैं। रणवीर सिंह का करियर खत्म हो चुका है। फ्लॉप स्टार शाहिद कपूर 50 करोड़ रुपये फीस मांगते हैं। खान्स भी खत्म हो चुके हैं, सिर्फ कार्तिक आर्यन इस समय बॉलीवुड की उम्मीद है' "खान्स भी खत्म हो चुके हैं" इस जुमले से शाहरुख खान के चाहने वाले नाराज हो गए, उन्होंने इस फ्लॉप कलाकार को बुरी तरह ट्रोल कर दिया। 2022 में अक्षय की बैक-टु-बैक 5 फिल्में सम्राट पृथ्वीराज, बच्चन पांडे, रक्षाबंधन, रामसेतु, कटपुतली रिलीज हुईं। कटपुतली ओटीटी पर आई थी। थिएटर में रिलीज होने वाली बाकी 4 फिल्में फ्लॉप ही रहीं। इनमें से सम्राट पृथ्वीराज सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म थी, जिसका बजट 300 करोड़ रुपए था, यह 90 करोड़ रुपए ही इकट्ठा कर सकी। सम्राट पृथ्वीराज में बेतुकी बातें दिखायी गयी और अक्षय का अभिनय भी बकवास रहा। 2022 में करीब 107 बॉलीवुड फिल्में रिलीज हुईं। इन फिल्मों में पृथ्वीराज, रामसेतु, लाल सिंह चड्ढा, थैंक गॉड जैसी बड़ी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हो गईं। इनमें 38 फिल्मों का बजट था 3572 करोड़ रुपए, लेकिन बिजनेस सिर्फ 1532 करोड़ रुपए का ही हुआ। ऐसे में बॉलीवुड इंडस्ट्री को बॉक्स ऑफिस पर पूरे 2040 करोड़ रुपए का घाटा हुआ। तमिल, तेलुगु, कन्नड़ की फिल्मों के जरिए इंडियन फिल्म इंडस्ट्री फायदे में रही। पूरी इंडियन इंडस्ट्री की 96 बड़ी फिल्मों में 7058 करोड़ रुपए लगे, जिनसे 8607 करोड़ रुपए का कलेक्शन हुआ। वर्ल्डवाइड सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली फिल्म भी कन्नड़ इंडस्ट्री की केजीएफ-2 है। फिल्म ने भारत में 1000 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया, ओवरसीज कलेक्शन 299 करोड़ रुपए रहा। फिल्म का कुल कलेक्शन 1299 करोड़ रुपए रहा। मुंबईया फिल्मों की बात करें तो फिल्म ब्रह्मास्त्र टॉप पर रही। इसने भारत में 306 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया और वर्ल्डवाइड इसका कलेक्शन 431 करोड़ रुपए हुआ। द कश्मीर फाइल्स,साल की दूसरी सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली फिल्म है, इसने 340 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया, जबकि ये मात्र 14 करोड़ रुपए में बनी थी। कमाई के लिहाज से ये सबसे ज्यादा फायदे वाली फिल्म रही। फ्लॉप बड़ी फिल्मों ने तो रिकार्ड बनाया ही है, कन्नड़ फिल्म कांतरा और तमिल फिल्म पोन्नियिन सेलवन1 की कामयाबी का भी काफी चर्चा हो रहा है। कई फिल्मी स्टार्स वाली पोन्नियिन सेलवन1 को 500 करोड़ के बजट में बनाया गया है। फिल्म 'पोन्नियिन सेलवन' के राजगद्दी पर बैठने के इर्द-गिर्द घूमती है, उनके पिता अपने बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण शाही कर्तव्यों से खुद को दूर करने का फैसला ले लेते हैं और उन्हें पदभार संभालना होता है, लेकिन ये इतना आसान नहीं है, महल में चल रही साज़िश और तख़्तापलट की कोशिशों में ये कहानी है। इस फिल्म की दक्षिण भारत में तो धूम रही ही हिन्दी दर्शकों ने भी इसे खूब सराहा। पोन्नियिन सेलवन 1 के लिए चेन्नई के सिनेमा हॉल में टिकट के लिए बॉक्स ऑफि स आधी रात से ही खुल गए थे। सिनेमा हॉल के बाहर लंबी कतारें देखी गईं। पूरे तमिलनाडु में फिल्म की रिलीज का जश्न मनाने वाले प्रशंसक सिनेमाघरों के बाहर ढोल की थाप पर नाचते दिखे। फिल्म के पहले भाग का अंत ऐसे प्वाइंट पर किया गया है, जिसके आगे क्या होगा। ये जानने के लिए दर्शक दूसरे भाग का दिल थामकर इंतजार कर रहे हैं, जो अगले साल आएगी। अगर देखा जाए तो साऊथ फिल्में,अपनी कथा वस्तु और तकनीक के बल पर इस साल भी कॉपीवुड पर भारी पड़ी।

चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"चमचागिरी" "नेता" "शौक" "दाता"

चमचागिरी ने चमचों को अंधा बना दिया,
चमचों ने अपने नेता को ऊँचा बना दिया।
चमचा गिरी के शौक में आगे निकल गए,
चमचों ने अपने नेता को दाता बना दिया।

स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल में शिक्षाविद् सुशील कुमार बंसल के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित प्रथम फाउंडर-डे का शुभारम्भ

मुजफ्फरनगर, 27 दिसम्बर (बु.)। शिक्षाविद् सुशील कुमार बंसल के परिनिर्वाण दिवस पर अनेक कार्यक्रमों के साथ प्रथम फाउंडर-डे का प्रारम्भ किया गया, जोकि विभिन्न कार्यक्रमों के साथ दिनांक 29 दिसम्बर तक चलेगा। सुशील कुमार बंसल अपने जीवन काल में आर्य विद्या सभा के सदस्य, उत्तर प्रदेश स्कूल महासंघ के उपाध्यक्ष व इंडिपेंडेंट स्कूल फेडरेशन के जिला अध्यक्ष रहे। साथ ही शिशु निकेतन इंटर कॉलेज, स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल व किड्स्कूल के संस्थापक भी रहे। इसी श्रंखला के अन्तर्गत आज स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल में वाद-विवाद और रोबोटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में जिले के अनेक स्कूलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से कुछ प्रमुख स्कूल और प्रतिभागी इस प्रकार है- एसडी पब्लिक स्कूल से आर्यरवी वर्मा और एंजेल शुक्ला, ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल से अन्वेषा यादव और कनिष्का दयाल, जे.वी. पब्लिक स्कूल से मान्सा और अरूणिमा शर्मा, राखी पब्लिक स्कूल से सलोनी और आकांक्षा त्यागी, हिमालयन पब्लिक स्कूल से अरिश कुमार

सिंह और दानिया सहर एवं स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल से अभिश्री बंसल और वृदा गुप्ता है। वाद-विवाद प्रतियोगिता की मुख्य निर्णायिका डॉ. मृणालिनी अनन्त एवं डॉ. रीता मोहन थी। मुख्य अतिथि के रूप में आभा बंसल, पूजा कुमार एवं अभिनव सुशील उपस्थित रहें। सर्वप्रथम निर्णायक मण्डल, चेयरमैन अभिनव सुशील एवं प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति सिरोही द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर सुशील कुमार बंसल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलित दी गयी। रोबोटिक्स प्रतियोगिता में कुछ प्रमुख स्कूल और प्रतिभागी- एस.डी. पब्लिक स्कूल से विहान प्रिंसी, प्रणव व दर्श जैन, ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल से कनिका चंचल, नैतिक, अनिरूद्ध व लोकेश यादव, मैपल्स एकेडमी खतौली से अरीब, आर्यवीर त्यागी, कार्तिक और अंशुमन व स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल से वर्णिका, श्रेया, अमरजीत और रितेश रहे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एस.डी. पब्लिक स्कूल का रहा। सर्वश्रेष्ठ वक्ता का प्रभम पुरस्कार आर्यरवी वर्मा (एस.डी. पब्लिक स्कूल), द्वितीय पुरस्कार सलोनी (राखी पब्लिक) तथा तृतीय पुरस्कार मन्सा एम (जे.वी. पब्लिक स्कूल) को मिला। रोबोटिक्स चैलेंज में मैपल्स एकेडमी प्रथम स्थान पर रहा। ग्रेन चैम्बर पब्लिक स्कूल द्वितीय स्थान पर रहा। तीसरा स्थान स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल ने प्राप्त किया। अंत में स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति सिरोही ने निर्णायक मण्डल एवं उपस्थित अतिथिगणों तथा प्रतिभाग करने वाले स्कूलों प्रधानाचार्यों का धन्यवाद किया और कहा कि डी.एम. के अवकाश घोषित करने बाद भी उन्होंने अपने बच्चों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए भेजा और बच्चों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही उन्होंने रोबोटिक्स टीम का भी धन्यवाद किया।

एसडी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में मनाया गया वीर बाल दिवस

मुजफ्फरनगर, 27 दिसम्बर (बु.)। एसडी पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में सिक्खों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों की देशभक्ति को नमन करते हुए वीर बाल दिवस मनाया गया। छात्रा बुशरा ने अपने वक्तव्य में कहा कि बाल दिवस खालसा के चार साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। अंतिम सिख गुरु गुरु गोबिंद सिंह के छोटे बच्चों ने अपनी आस्था की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। साहिबजादों का रूप बनाकर आए कक्षा 4ए के छात्र कार्तिकेय, एकाक्ष, दीप सिंह, ने सभी को भावुक कर दिया। कक्षा एक के छात्र जपसिमर ने उन वीरों के बलिदान को नमन करते हुए कविता पाठ किया, तो सभी श्रोता रोमांचित हो गए। इंचार्ज रेनू गोयल ने कहा कि वीर बाल दिवस का दिन हमें उन साहिबजादों के बलिदान के बारे में बताता है, जिन्होंने अपने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण त्याग दिए। वीर बाल दिवस का ये पुण्य अवसर हमें अपने अतीत को पहचानने और आने वाले भविष्य का निर्माण करने की प्रेरणा देता है।

एसएसपी ने व्यापारियों के साथ की बैठक

-सुरक्षा को लेकर किया विचार मंथन

मुजफ्फरनगर, 27 दिसम्बर (बु.)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की पहल पर सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात के दृष्टिगत व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ मासिक गोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें उनकी समस्याओं के निस्तारण किए जाने के साथ नगर की बेहतरी पर विचार मंथन किया गया। वहीं अधिकारियों को आने वाली समस्याओं के निदान कराए को निर्देशित किया। मंगलवार को एसएसपी विनीत जायसवाल की पहल पर व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ पुलिस लाइन स्थित सभागार में मासिक गोष्ठी आयोजित की गयी। बैठक में व्यापार मंडल से जुड़े पदाधिकारियों के अलावा पुलिस अधीक्षक अपराध प्रशांत कुमार प्रसाद, एसपी यातायात कुलदीप सिंह, एएसपी आयुष विक्रम सिंह, सीओ नई मंडी हिमांशु गौरव, प्रतिसार निरीक्षक मौहम्मद नदीम, नगर क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी व अग्निशमन विभाग अधिकारी मौजूद रहे। गोष्ठी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से उनकी तमाम समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए उनकी सुरक्षा से संबंधित पहलुओं की समीक्षा करते हुए निराकरण करने, सम्पूर्ण सुरक्षा का आश्वासन देते हुए उन्हें अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे विभिन्न अभियानों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा

के लिए पुलिस निरंतर शहर में गश्त करती है मगर इसके अतिरिक्त व्यापारियों को भी सुरक्षा के प्रति सतर्क होना पड़ेगा। उन्होंने सभी व्यापारियों को सुरक्षा की दृष्टि से अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने, रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था रखने, आपसी सहयोग से मार्केट में सुरक्षा गार्ड व चौकीदार रखने, व्यापारिक कार्यों के दौरान कैश का परिवहन करने से पूर्व पुलिस को सूचित करने, किसी व्यापारी बंधु को किसी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले व्यक्ति से किसी प्रकार का खतरा होने पर पुलिस को तत्काल सूचना देने आदि के संबंध में विस्तार से बताया गया। एससपी ने यातायात के सुचारू रूप से संचालन एवं जाम की समस्या के निराकरण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये साथ ही सभी व्यापारी बंधुओं को साइबर फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी से बचाव के तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी गयी।

हर्षित कादियान को बनाया गया राष्ट्रीय जाट महासभा युवा का जिलाध्यक्ष

जानसठ, 27 दिसम्बर (बु.)। राष्ट्रीय जाट महासभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सरोहा ने नंगला मुबारिक निवासी हर्षित कादियान को राष्ट्रीय जाट महासभा युवा का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सरोहा ने हर्षित कादियान की जाट समाज के प्रति समर्पण, सेवा भावना को देखते हुए उनको जिलाध्यक्ष का दायित्व सौंपते हुए उम्मीद जाहिर की है कि संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नवनियुक्त युवा जिला अध्यक्ष हर्षित कादियान ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुझको जो जिम्मेदारी दी है, उसका ईमानदारी से निर्वहन किया जाएगा और जाट समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का काम करेंगे। युवा जिला अध्यक्ष हर्षित कादियान ने कहा कि राष्ट्रीय जाट महासभा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिए जाने की मांग करती है।

पेड़ों को काटे जाने का किया विरोध

केंद्रीय राज्यमंत्री से मिले क्षेत्र के लोग, लगाई न्याय की गुहार

मुजफ्फरनगर, 27 दिसम्बर (बु.)। वैश्विक तापमान वृद्धि एवं जलवायु परिवर्तन की अति गंभीर समस्या से मानव जाति के साथ ही जीव-जंतुओं की विभिन्न जातियों के सामने संकट की उत्पन्न हुई स्थिति से निजात पाने की खातिर दर्जनों जिम्मेदार लोगों ने केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान से मुलाकात करते हुए इस संकट से उभारने की गुहार लगाई। पर्यावरण चिंतक डॉ. शेखर चन्द के नेतृत्व में मंगलवार को मुजफ्फरनगर सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री से मिले क्षेत्र के लोगों ने गंग नहर पटरी पर लगे लाखों पेड़ों को मार्ग निर्माण की आड़ में काटे जाने का विरोध जताया। क्षेत्र के लोगों ने शासन-प्रशासन से इस गंभीर समस्या के निदान कराए जाने के साथ इन पेड़ों को काटे जाने से रोके जाने की मांग की है। चौधरी चरण सिंह कांवड़ यात्रा मार्ग के करीब 110 किमी मार्ग के निर्माण की शुरू कवायदों के बीच मार्ग में बाधा बने करीब 1.12 लाख पेड़ों की होने वाली

कटाई को लेकर जिले में विरोध के स्वर ओर मुखर होने लगे हैं। मंगलवार को पर्यावरण चिंतक डॉ. शेखर चन्द्र के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने डॉ. संजीव बालियान से मुलाकात की। राज्यमंत्री से मिले लोगों ने मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शामिल चौधरी चरण सिंह कांवड़ यात्रा मार्ग के निर्माण के आगाज के साथ हरे पेड़ों की कटाई की तैयारियों के बीच विरोध के स्वर मुखर होने लगे हैं। वर्तमान परिवेश में पर्यावरण जैसे मुद्दे को लेकर कोरोना की दस्तक के बीच पेड़ों की कटाई चिंतन का ही कारण बनती दिखाई दे रही है। ऐसे में अगर गंगनहर की पटरी से पेड़ों की कटाई होगी तो इससे न केवल पर्यावरण संतुलन प्रभावित होगा, अपितु इस क्षेत्र में रहने वाले जीव-जंतुओं के रहने की समस्या प्रबल हो जाएगी जो आने वाले दिनों में यह समस्या का बड़ा कारण बन सकती है। इस दौरान मुख्य रूप से दिनेश गर्ग, मांगेराम शर्मा, प्रवीन कुमार, राजेश कुमार, सुमन पाल आर्य, प्रमोद सिंघल, राजेन्द्र गुप्ता, आदर्श मित्तल, लक्ष्मी राज सिंह राणा, भोपाल स्वरूप, मयंक कुमार आदि मौजूद रहे।

नि:शुल्क सर्जिकल शिविर

आपको जानकर हर्ष होगा कि आपके शहर मुजफ्फरनगर में दिनांक 28 दिसम्बर, 2022 दिन बुधवार को ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, पर एक नि:शुल्क सर्जिकल कैंप आयोजित किया जा रहा है।

इस कैंप में मुजफ्फरनगर के मशहूर अनुभवी लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉक्टर सुनील कुमार गुप्ता एवं डॉक्टर सिद्धार्थ गुप्ता यूरोलॉजिस्ट एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन द्वारा नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।

इस कैम्प में

- पित्त की थैली में पथरी, अपैंडिक्स एवं हार्नियां का परामर्श
- गुर्दे की पथरी, गुर्दे की नलकी की पथरी, मसाने की पथरी, मसाने का कैंसर, गदूद की समस्या, पेशाब की नलकी का सिकुड़ना।
- पेशाब सम्बंधित अन्य रोग, जैसे स्त्रियों में खाँसते व छींकते हुए पेशाब निकल जाना, पेशाब रूक-रूक कर आना, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना, पेशाब की धार कमजोर होना।
- स्तन (Breast) स्त्रियों की छाती से सम्बन्धित रोग जैसे - स्तन या बगल में गाँठ होना, निप्पल से खून आना
- स्तन के आकार में बदलाव आना, निप्पल का अंदर की ओर धसना जैसे रोगो का नि:शुल्क परामर्श दिया जाएगा।
- गुदा संम्बधित रोग जैसे- बावासीर, मस्से, भगंदर, नासूर का लेजर द्वारा इलाज

नि:शुल्क पी.एस.ए. गदूद के कैंसर की जाँच | ऑपरेशन पर भारी छूट | नि:शुल्क यूरोफ्लोमेट्री पेशाब की धार की जाँच

स्थान : ज्योति हॉस्पिटल, सरकुलर रोड, मुजफ्फरनगर

फ्री परामर्श का समय

28 दिसम्बर 2022, बुधवार प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

रजिस्ट्रेशन के लिए शीघ्र सम्पर्क करें- 9319993779

रोगियों से अनुरोध है कि वे अपनी जाँच व इलाज सम्बन्धी कागज (यदि हो तो) जरूर लेकर आयें

स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष बने ब्रजमोहन, सुनील वर्मा को महामंत्री की कमान

मुजफ्फरनगर, 27 दिसम्बर (बु.)। स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन उत्तर प्रदेश की जिला इकाई की पालिका सभागार में बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में जिला स्तरीय चुनाव के साथ कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर विचार मंथन किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के आधार पर नगर पालिका परिषद निर्माण विभाग के लिपिक ब्रजमोहन को संगठन का अध्यक्ष व कर विभाग के लिपिक सुनील कुमार वर्मा को महामंत्री नियुक्त किया गया। पालिका कर्मचारियों ने दोनों चुने गए पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मंगलवार को नगर पालिका परिषद टाउनहाल सभागार में स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन की बैठक संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला स्तरीय संगठन को लेकर विचार मंथन के बीच पालिका के निर्वाचन कार्यक्रम पर चर्चा करते हुए लिपिक विजय कुमार जैन को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। चर्चा के दौरान निर्णय लिया गया कि संगठन के चुनाव निर्विरोध किए जाए। इस कड़ी में पालिका लिपिक आकाशदीप द्वारा अध्यक्ष पद के लिए निर्माण विभाग के लिपिक ब्रजमोहन एवं लिपिक दीपक शर्मा द्वारा महामंत्री के लिए कर विभाग के लिपिक सुनील कुमार वर्मा का नाम प्रस्तुत किया गया, जिसे ध्वनिमत से अनुमोदन किया गया। प्रांतीय उपाध्यक्ष ओमवीर सिंह व चुनाव अधिकारी विजय कुमार जैन ने दोनों नामों को निर्विरोध घोषित करते हुए कर्मचारी हित में कार्य करने की आशा व्यक्त की। इस दौरान बड़ी संख्या में पालिका के कर्मचारी सभागार में मौजूद रहे।

शाहपुर क्षेत्र में मैजिक से कूदी भैंस, दोनों पैर टूटे

शाहपुर, 27 दिसम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव किनौनी में अपने बच्चों लिए दूध की व्यवस्था करने को लाई गई भैंस मैजिक से कूदकर बुरी तरह घायल हो गई। भैंस के दोनो पैर टूट गए। किसान विनोद ने सड़क पर पड़ी भैंस को उपचार के लिए चिकित्सकों को बुलाया, लेकिन चिकित्सकों ने भैंस के ठीक होने से मना कर दिया। शाहपुर के गांव किनौनी निवासी विनोद अपने बच्चों के दूध की व्यवस्था के लिए 45 हजार रुपए में भैंस खरीदकर मैजिक में लेकर गांव में आ रहा था, जब वह शाहपुर रोड पर गांव के निकट पहुंचे तो मैजिक से भैंस सड़क पर कूद गई और सड़क किनारे खाई में गिर गई। विनोद की सूचना पर दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुंचे और भैंस को निकालने का प्रयास किया, लेकिन भैंस नही निकली। मौके पर ही कई चिकित्सकों को बुलाया गया जिन्होंने उपचार किया लेकिन भैंस के दोनो पैर टूट जाने से चिकित्सकों ने भैंस के ठीक होने से इंकार कर दिया। विनोद ने मौके पर ही 45 हजार की भैंस को 15 हजार में बेच दिया, जिससे गरीब किसान पर दोहरी मार पड़ गई।

गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुए 51 दिन बीते, मगर गिरफ्तारी कोई नहीं

बुढ़ाना, 27 दिसंबर (बु.)। एक विवाहिता ने 51 दिन पूर्व अपने पति समेत 6 लोगों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में महिला पुलिस परामर्श केंद्र थाना बुढ़ाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी मगर पुलिस ने 51 दिन बीतने पर भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की। जिसे लेकर पीड़िता ने पुलिस के उच्चाधिकारियों से आरोपियों को जेल भेजे जाने को कहा है। उधर महिला थाना बुढ़ाना प्रभारी साधना चैधरी से बात हुई तो उन्होंने सब आरोप निराधार बताए और कहा कि वे आरोपियों की तलाश में कई बार दबिश दे चुकी हैं, लेकिन आरोपी अभी भी भूमिगत हैं। रही बात गंभीर धाराओं को हटाने की अगर उनको पूर्ण साक्ष्य मिलते हैं, तो जांच में कोई भी धारा नहीं हटेगी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव अलीपुर अटेरना निवासी सबा (परिवर्तित नाम) की शादी 3 वर्ष पूर्व कामिल पुत्र सनव्वर लोनी गाजियाबाद के साथ हुई थी। उसने पुत्री की शादी में 3 लाख खर्च किए। उसकी पुत्री को पति कामिल देवर आबिद, आमिर, ननद रेशमा सास सुरैया पति सनव्वर व बब्बू पुत्र अनवर अतिरिक्त दहेज को लेकर पीटते थे। 02 अक्टूबर को उसकी पुत्री के साथ उसके देवर ने रेप की नीयत से कमरे में घुस उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध किया तो उसे मारपीट कर घायल कर दिया गया। उसकी पुत्री गर्भवती हैं, तो आरोपियों ने गर्भपात गिराने को चाय में कुछ पिलाकर उसका गर्भपात गिरा दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध 7 नवम्बर को रिपोर्ट दर्ज की। पीड़ित के अनुसार पुलिस गंभीर धारा हटाने को कह रही है, जबकि महिला थाना प्रभारी साधना चैधरी ने उक्त सभी आरोप निराधार बताये हैं।

लापता ग्रामीण की बरामदगी की गुहार

भोपा , 27 दिसम्बर (बु.)। भोपा थाना क्षेत्र के गाँव निरगाजनी निवासी 55 वर्षीय सेवाराम बीते 20 दिसम्बर से लापता है। परिजनों के अनुसार 20 दिसम्बर की सुबह सवेरे मोहल्ले में स्थित मन्दिर में आरती करने के उपरांत सेवाराम घर आये तथा बिना बताये कहीं चले गए। शाम तक वापस न लौटने पर परिजनों ने सेवाराम की तलाश शुरू की, किन्तु सेवाराम का कोई पता न चल सका। परिजनों ने सेवाराम की बरामदगी की गुहार भोपा पुलिस से लगाई है।

कार्यालय-जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा), जनपद मुजफ्फरनगर

कमरा नं. 304-305 तृतीय तल विकास भवन

पत्रांक : 648/डूडा – मुजफ्फरनगर/2022–23 दिनांक : 27 – दिसम्बर – 2022

अल्पकालीन ई-निविदा/निविदा सूचना

जिला नगरीय विकास अभिकरण, डूडा मुजफ्फरनगर द्वारा मा. विधायक निधि योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से जिला नगरीय विकास अभिकरण में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन www.etender.up.nic.in उक्त निविदाओं का विवरण एवं प्रपत्र वेबसाईट से प्राप्त तथा अपलोड करने की दिनांक 28/12/2022 से 04/01/2023 सायं 05:00 बजे तक है तथा उक्त योजना के मैनुअल टेण्डर हेतु डूडा कार्यालय के सूचना पट पर लिखित कार्यो के अनुसार निविदा प्रपत्र डूडा कार्यालय से दिनांक 28/12/2022 से 04/01/2023 की सायं 03:00 बजे तक प्राप्त करने तथा तद्दिनांक को ही डूडा कार्यालय में रखे सील्ड बॉक्स में सायं 05:00 बजे तक डालना अनिवार्य है तथा दोनों निविदाओं को दिनांक 05/01/2023 को दोपहर 12:00 बजे खोला जायेगा।

परियोजना अधिकारी, | अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/ परियोजना निदेशक,

जिला नगरीय विकास अभिकरण, डूडा, मुजफ्फरनगर

शाहपुर में किसानों ने निराश्रित पशुओं को पकड़ कर ब्लॉक परिसर में छोड़ा

-बाहर से खंड विकास कार्यालय का गेट बंद किया

शाहपुर, 27 दिसम्बर (बु.)। क्षेत्र के भाकियू कार्यकर्ताओं ने एक दर्जन निराश्रित पशुओं को पकड़ कर खंड विकास कार्यालय लाकर गेट बंद कर दिया। ब्लॉक अध्यक्ष ने बीडीओ को एक जनवरी तक निराश्रित पशुओं को पकड़वाने की बात कही है। क्षेत्र के भाकियू कार्यकर्ताओं ने मंडल सचिव सत्येंद्र प्रधान व ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्र सिंह बालियान के नेतृत्व में खेतों में फसलों को नष्ट कर रहे लगभग एक दर्जन निराश्रित पशुओं को पकड़ कर ब्लॉक कार्यालय लाकर मेन गेट बंद कर दिया। भाकियू कार्यकर्ताओं द्वारा निराश्रित पशुओं को ब्लॉक कार्यालय में बंद करने से ब्लॉक कर्मियों में हड़कंप मच गया। भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि 16 दिसंबर को ब्लॉक कार्यालय व थानाध्यक्ष को ज्ञापन देकर अवगत कराया गया था कि यदि 25 दिसंबर तक निराश्रित पशुओं प्रशासन पकड़ पकड़ पाने में कामयाब नहीं होता, तो भाकियू कार्यकर्ता 26 दिसंबर से निराश्रित पशुओं को पकड़ कर सरकारी कार्यालयों में बंद कर देंगे।

उन्होंने कहा कि निराश्रित पशुओं से किसानों की फसल बर्बाद हो रही है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि भाकियू दो जनवरी से गांव दर गांव निराश्रित पशुओं को पकड़ने का कार्य करेगी और उन्हें ब्लॉक कार्यालय के अलावा गांव के सरकारी स्कूलों व पंचायत घरों आदि में लाकर छोड़ा जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी बीडीओ सहित ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव की होगी।

खंड विकास अधिकारी ओमवीर सिंह ने किसानों को आश्वासन दिया कि शीघ ही निराश्रित पशुओं को पकड़वाने का कार्य किया जाएगा। इस दौरान भाकियू के मंडल सचिव सत्येंद्र प्रधान, ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्र सिंह, जितेंद्र प्रधान, अजीत सिंह, नीरज मुखिया, राहुल कुमार, कंवरपाल, दीपक, आदेश त्यागी, धन सिंह, मांगेराम व मोमिन आदि मौजूद रहे।

एके शर्मा ने कहा, ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया पूरी कर देंगे आरक्षण

लखनऊ, 27 दिसंबर (वार्ता)। नगर निकाय चुनाव को लेकर हाईकोर्ट के फैसले पर नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा है कि पिछड़ों को आरक्षण दिए बगैर निकाय चुनाव नहीं कराए जाएंगे। उन्होंने फैसले के बाद मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि निकाय चुनाव के संबंध में और ओबीसी आरक्षण को लेकर हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल की गई थी, जिस पर फैसला आ गया है। हाईकोर्ट के निर्देशानुसार आरक्षण के संबंध में ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया को पूरा करेगी। इस संबंध में आयोग गठित किया जाएगा। इसकी देखरेख में ओबीसी को आरक्षण दिया जाएगा। इसके लिए कानूनी पहलुओं का गंभीरता से अध्ययन किया जाएगा और विधि विशेषज्ञों से सलाह ली जाएगी। जरूरत पड़ी तो सुप्रीम कोर्ट में भी इसके लिए अपील की जाएगी।

मायावती ने बताया भाजपा की आरक्षण विरोधी मानसिकता को दिखाने वाला फैसला

लखनऊ, 27 दिसंबर (वार्ता)। बसपा सुप्रीमो मायावती ने बयान दिया है कि यूपी में बहुप्रतीक्षित निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग को संवैधानिक अधिकार के तहत मिलने वाले आरक्षण को लेकर सरकार की कारगुजारी का संज्ञान लेने सम्बंधी माननीय हाईकोर्ट का फैसला सही मायने में भाजपा व उनकी सरकार की ओबीसी एवं आरक्षण-विरोधी सोच व मानसिकता को प्रकट करता है। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार को सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पूरी निष्ठा व ईमानदारी से अनुपालन करते हुए ट्रिपल टेस्ट द्वारा ओबीसी आरक्षण की व्यवस्था को समय से निर्धारित कर-के चुनाव की प्रक्रिया को अन्तिम रूप दिया जाना था, जो सही से नहीं हुआ। इस गलती की सजा ओबीसी समाज बीजेपी को जरूर देगा।

आरक्षण खत्म करने का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण: रामगोपाल यादव

लखनऊ, 27 दिसंबर (वार्ता)। सपा नेता रामगोपाल यादव ने सरकार पर कोर्ट में ठीक से पैरवी न करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि निकाय चुनावों में ओबीसी का आरक्षण खत्म करने का फैसला दुर्भाग्यपूर्ण है। यह उत्तर प्रदेश सरकार की साजिश है। जानबूझकर तथ्य न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत नहीं किए गए। उन्होंने कहा कि ऐसा करके सरकार ने यूपी की 60 फीसदी आबादी को आरक्षण से वंचित किया। इस फैसले पर भाजपा के ओबीसी मंत्रियों की जबान पर ताले लग गए हैं। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की स्थिति बंधुआ मजदूर जैसी है।

अपना दल ने कहा: बिना आरक्षण निकाय चुनाव ठीक नहीं

लखनऊ, 27 दिसंबर (वार्ता)। अपना दल (एस) के कार्यकारी अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने कहा कि ओबीसी आरक्षण के बिना निकाय चुनाव किसी भी दृष्टि से उचित नहीं हैं। हम इस संदर्भ में लखनऊ उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले का अध्ययन कर रहे हैं। जरूरत पड़ी तो अपना दल (एस) ओबीसी के हक के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगा।

सरकार ने पिछड़ों का हक मारने के लिए जानबूझकर गलत आरक्षण कराया : संजय सिंह

लखनऊ, 27 दिसंबर (वार्ता)। आम आदमी पार्टी (आप) केप्रदेश प्रभारी और सांसद संजय सिंह ने सरकार पर जानबूझकर गलत आरक्षण करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट के फैसले से स्पष्ट हो गया है कि भाजपा दलितों, पिछड़ों और शोषित वर्ग की विरोधी है। उन्होंने कहा कि सरकार यदि बिना पिछड़ों को बगैर आरक्षण दिए चुनाव कराती है तो आप आंदोलन करेगी। आप सांसद ने कहा कि जब आयोग का गठन करके आरक्षण दिया जाना था तो सरकार ने आयोग गठन का क्यों नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा पिछड़ों का हक क्यों मार रही है। सरकार ने पहले नौकरी में आरक्षण छीना और अब चुनाव में आरक्षण छीन रही है।

फर्जी बैंककर्मी बनकर बीमे के नाम पर लाखों की ठगी

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर (बु.)। एक व्यक्ति से पीएनबी मैटलाईफ पॉलिसी का एजेंट बनकर डेढ़ लाख रुपये की ठगी कर ली गई। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है। सिखेड़ा थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में गांव सिखरेडा निवासी शोभाराम ने बताया कि उसने वर्ष 2013 में पीएनबी मैटलाईफ पॉलिसी ली थी। 22 दिसम्बर, 2021 को मोदीनगर निवासी राहुल दीक्षित उसके घर आया और पॉलिसी की किश्त जमा न होने की बात कहते हुए उससे 99 हजार व 40 हजार रुपये के दो चैक ले लिये। आरोपी ने दोनों चैक भुगतान कराकर रकम निकाल ली और उसकी पॉलिसी चालू नहीं कराई। पैसे वापस मांगने पर उसे हत्या की धमकी दी जा रही है। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

रेलवे स्टेशन पर यात्री का नकदी भरा पर्स लूटा

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर (बु.)। ट्रेन द्वारा मेरठ से मुजफ्फरनगर आये व्यक्ति का अज्ञात बदमाश पर्स लूटकर फरार हो गया। पीड़ित ने जीआरपी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके सीसीटीवी कैमरों के आधार पर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। जीआरपी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला किदवईनगर निवासी मौहम्मद तहसीन पुत्र आफताब ने बताया कि वह ट्रेन में सवार होकर मेरठ से मुजफ्फरनगर वापस लौटा था। प्लेटफार्म नम्बर एक पर ट्रेन से उतरने के बाद जब वह टिकट चैकर को दिखाने के लिये अपना पर्स जेब से निकाला, तभी एक युवक उसका पर्स छीनकर भोपा रोड़ ओवर ब्रिज की तरफ भाग निकला। कुछ लोगों ने आरोपी का पीछा भी किया, लेकिन वह किसी के हाथ नहीं आ सका। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये हैं।

प्रधान के भतीजे ने साथियों संग मिलकर ग्रामीण को किया अधमरा

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर (बु.)। मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव पुरा में प्रधान के भतीजे ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक ग्रामीण को मारपीट कर अधमरा कर दिया और उसकी बाईक तोड़ डाली। अदालत के आदेश पर दर्ज हुई रिपोर्ट में मंसूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुरा निवासी रोहित ने बताया कि उसके पिता सुशील दो विगत दो मई की शाम चक्की से आटा लेकर वापस घर लौट रहे थे। ग्राम के ही मिन्टू के घर के सामने प्रधान के भतीजे वैभव ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके पिता को रोक लिया और उन्हें बुरी तरह से मारपीट कर उनकी हत्या का प्रयास किया। हमलावरों ने उसके पिता की बाईक भी तोड ड़ाली। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत की पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न करने पर पीड़ित ने अदालत की शरण ली। अदालत ने पुलिस को आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश दिये, जिस पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज में शुरू हुई आईवीएफ की सुविधा

मेडिकल कॉलेज के ट्रेजरार गौरव स्वरूप ने फीता काटकर आईवीएफ सेंटर का किया शुभारंभ

उत्तर प्रदेश में आईवीएफ की सुविधा देने वाला पहला मेडिकल कॉलेज बना

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर (बु.)। उत्तर प्रदेश में आईवीएफ की सुविधा देने वाला मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज पहला कॉलेज बन गया है। कॉलेज के ट्रेजरार गौरव स्वरूप ने फीता काटकर मंगलवार को इस सेंटर का विधिवत शुभारंभ किया। दावा किया गया कि निःसंतान दम्पतियों को दूसरे सेंटरों के मुकाबले यहां कम खर्च में इलाज उपलब्ध होगा। प्रबंधन ने इस कामयाबी के लिए चिकित्सकों और कर्मचारियों का आभार जताते हुए गरीबों की सेवा में जुटने की भी अपील की। मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल और ब्लूम आईवीएफ मुंबई ने साथ प्रयास से मंगलवार को मेडिकल कॉलेज में आईवीएफ की सुविधा उपलब्ध कराई है। आईवीएफ सेंटर का उद्घाटन मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के ट्रेजरार गौरव स्वरूप ने फीता काटकर किया। उन्होंने आईवीएफ सेंटर की फेकल्टी से बात कर उन्हें शुभकामनाएं भी दी। इससे पहले गौरव स्वरूप का बुके भेंटकर स्वागत किया गया। इस दौरान डायरेक्टर राघव स्वरूप, वसुन्धरा स्वरूप, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रशांत गुप्ता एवं विभागाध्यक्ष स्त्री एवं प्रसूति विभाग डॉ. भारती माहेश्वरी, ब्लूम आईवीएफ के डॉ. रोहन पालशेतकर और अशोक मौजूद रहे।

बताया गया कि मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल उत्तर प्रदेश में पहला मेडिकल कॉलेज है, जिसमें आईवीएफ सेंटर उपलब्ध है। इस आईवीएफ सेंटर में अल्ट्रासाउंड, डॉपलर, दूरबीन से बंद नलों को खोलना और जांच, आईयूआई, आईवीएफ एवं आईसीएसआई आदि उच्च सफलता दर और कम लागत के साथ उपचार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। बताया गया कि देश में निःसंतान दम्पति की संख्या बढ़ती जा रही है। लगभग 20-25 प्रतिशत दम्पति सन्तान प्राप्त करने में असमर्थ हैं। बाँझपन का कारण नलों का बन्द होना, शुक्रानुओं की कमी, माहवारी की अनियमितता, शुक्रानुओं का न बनना आदि प्रमुख कारण होता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश मुख्यतः मुजफ्फरनगर व अन्य जगहों पर बाँ-पन का मुख्य कारण बच्चेदानी की बीमारी यानि ट्यूबरकोलोसिस भी है। इन समस्याओं के निदान के लिये आईवीएफ (टैस्ट ट्यूब बेक) एक कारगर उपाय है। अभी तक यह प्रक्रिया सिर्फ बड़े शहरों पर बहुत अधिक दरों तक सीमित थी पर यह मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज आईवीएफ सेंटर (बेगराजपुर, तीसरी मंजिल, नई बिल्डिंग) पर अत्यधिक सफलता दर पर बहुत कम शुल्क पर उपलब्ध है। आईवीएफ ब्लूम सेंटर (अंतरराष्ट्रीय स्तर का देशभर के केन्द्र-मुबंई, दिल्ली आदि) से कोलाबोरेशन करके मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज आईवीएफ सेंटर विभागाध्यक्ष डॉ. भारती माहेश्वरी व ब्लूम आईवीएफ के डॉ. रोहन पालशेतकर मरीजों को यहां पर निःसंतानता का इलाज उपलब्ध करायेंगे। आईवीएफ ब्लूम के निर्देशक डॉ. रिषिकेश पाई, डॉ. नन्दिता पालशेतकर का योगदान रहेगा। इस सुविधा के यहां शुरू होने में गौरव स्वरूप, राघव स्वरुप, श्रीमति वसुन्धरा स्वरूप का अथक प्रयास इसके लिए सराहनीय रहा और इनके ही सामूहिक प्रयासों के कारण मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में आईवीएफ सेंटर की स्थापना का यह सपना संभव हुआ।

80 प्रतिशत कम दर पर मिलेगी आईवीएफ की सुविधा: डॉ. भारती

मुजफ्फरनगर। बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर डॉ. भारती महेश्वरी हेड ऑफ डिपार्टमेंट आईवीएफ सेंटर मेडिकल कॉलेज ने इस अवसर पर कहा कि नॉर्मल आईवीएफ सेंटर एक महंगी प्रक्रिया होती है। इसके लिए मरीजों को बहुत दूर जाना पड़ता है। जैसे दिल्ली, मुंबई आदि शहरों में महंगा इलाज होता है। मेडिकल कॉलेज में आईवीएफ ब्लूम जो कि एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का आईवीएफ सेंटर है उनके साथ करार करके मरीजों को यह सुविधा कम रेट पर 24 घंटे उपलब्ध कराने की कोशिश है। बाहर के मुकाबले बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज में 80 प्रतिशत कम दर पर सुविधा प्रदान की जायेगी। मेडिकल कॉलेज में डिलीवरी, सिजेरियन सब कुछ निःशुल्क होता है, बेड का भी कोई शुल्क नहीं है।

गरीबों को सस्ती दरों पर मिले चिकित्सा सुविधा: गौरव स्वरूप

मुजफ्फरनगर। मेडिकल कॉलेज के ट्रेजरार गौरव स्वरूप ने जानकारी देते हुए बताया कि बेगराजपुर मेडिकल कॉलेज में इंटरनेशनल ब्रांड ब्लूम आईवीएफ के सहयोग से आईवीएफ की सुविधा शुरू की गई है। प्रबंधन का प्रयास है कि मेडिकल कॉलेज में हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराई जाये। खासतौर से गरीबों की मदद को तवज्जो दी जा रही है, क्योंकि आईवीएफ हर आदमी नहीं करा सकता, महंगा इलाज है। सस्ते रेट में आईवीएफ की सुविधा उपलब्ध कराने के पीछे उद्देश्य है कि जो गरीब लोग संतान चाहते हैं, उनको लाभ दिलाया जा सके। हमारा संकल्प है कि मानवता के नाते हम गरीबों को अच्छे से अच्छा इलाज उपलब्ध करा सकें। मुझे खुशी है कि हम लोग इस अच्छे कार्य में आगे बढ़ रहे हैं। मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज में नई-नई चीजें कर रहे हैं, हाल में ही कार्डियोलॉजिस्ट स्टार्ट किया गया है, जो अन्य जगह से कम रेट पर उपलब्ध है। उन्होंने इसके लिए चिकित्सकों और स्टाफ को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज इसी तरह आगे बढ़कर मानवता की सेवा करता रहेगा।

पांच बेरोजगारों से दुबई भेजने के नाम पर साढ़े सात लाख रुपये की ठगी

पीड़ित युवकों ने मंगलवार को डीएम और एसएसपी के नाम प्रार्थना पत्र देकर उठाई कार्यवाही की मांग ठगी करने वाले आरोपी शाहपुर क्षेत्र के सांझक गांव के हैं निवासी

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर (बु.)। विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने की घटनाओं पर विराम नहीं लग पा रहा है। ताजा मामला रतनपुरी क्षेत्र के पांच बेरोजगारों से जुड़ा है। कुछ ठगों ने दुबई भेजने के नाम पर उनसे करीब साढ़े सात लाख रुपये हड़प लिये। ये नौजवान नौकरी की चाह में दुबई तो पहुंच गये, लेकिन वहां से उन्हें खाली हाथ ही वापस लौटना पड़ा। पीड़ितों ने आज पुलिस अधिकारियों से शिकायत कर ठगों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव कल्याणपुर निवासी गुलफाम, नसीम, लुकमान, इरफान और तावली गांव के मौहम्मद शाकिर ने मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर मीडिया के समक्ष अपने साथ हुई ठगी के बारे में विस्तार से बताया। उनका कहना था कि कुछ समय पहले वे शाहपुर क्षेत्र के गांव सां-ाक निवासी एक महिला समेत चार लोगों के सम्पर्क में आये थे। इन आरोपियों की रिश्तेदारी कल्याणपुर गांव में भी थी। अक्टूबर माह में आरोपियों ने -ांसा दिया था कि वो दुबई में इत्र की पैकिंग करने वाली कंपनी में 1400 दिरहम प्रति माह के वेतन पर नौकरी दिला देंगे। इसके बदले उनसे डेढ़ लाख रुपये की डिमांड की गई थी। आरोपियों की बातों में आकर उन्होंने एक-एक कर करीब डे-ढ़ लाख रुपये बैंक खाते में और नगद उपलब्ध करा दिये। आरोपियों ने उन्हें 18 दिसम्बर को

दुबई भेज दिया और एक होटल का फर्जी बुकिंग टिकट भी थमा दिया। दुबई जाकर उन्हें इस पूरी धोखाधड़ी का पता चला। जैसे-तैसे पैसे की व्यवस्था कर वो वापस दुबई से घर आये। घर आने पर आरोपियों से रकम मांगी तो वो बदतमीजी पर उतर आये। आरोपी रकम मांगने पर -ाूठे मामले में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। एसएसपी से धोखाधड़ी करने वालों पर कार्यवाही और उनकी रकम वापस दिलाने की मांग की गयी है।

शीत लहर से राहत की समीक्षा की

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर (बु.)। अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा स्थानीय निकाय एवं हिंडन नदी को स्वच्छ करने के दृष्टिगत समस्त उप जिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी के साथ समीक्षा बैठक आहूत की। अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह द्वारा अपने कार्यालय में बढ़ती शीत लहरी के दृष्टिगत रेन बसेरा एवं अलाव की व्यवस्था, हिंडन नदी स्वच्छ किये जाने के प्रयासों एवं स्थानीय निकायों में विकास कार्यों के संबंध में समस्त उपजिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व पंचायत के साथ समीक्षा बैठक आहूत कर निर्देशित किया कि समस्त नगर क्षेत्रों में चिन्हित स्थानों पर निरंतर अलाव जलाने की व्यवस्था एवं रैन बसेरों में आगंतुकों के लिए पर्याप्त सोने एवं ठहरने की व्यवस्था की जाए तथा शौचालय एवं साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें एवं समय-समय पर उनका निरंतर निरीक्षण करते रहे।

आधा दर्जन बिल्डरों ने किया 267 करोड़ का शिलान्यास

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर (बु.)। मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के सचिव आदित्य प्रजापति के कुशल निर्देशन में मुजफ्फरनगर के लगभग आधा दर्जन बिल्डरों ने इन्वेस्ट समिट में 267 करोड़ रुपये का इन्वेस्ट किया। इनमें वेदांता सिटी से सचिन राणा, गोकुल सिटी से दिनेश राठी, न्यू गोकुल सिटी से गौरव कंबोज, वसुंधरा से अमित चौधरी आदि शामिल हैं।

संजीव बालियान ने बांटे कंबल

समर्पित युवा समिति की ओर से हुआ आयोजन

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर (बु.)। समर्पित युवा समिति द्वारा नर सेवा-नारायण सेवा के अंतर्गत जरूरतमंदों को कम्बल, रजाई, अलाव के लिए लकड़ी, चाय-बिस्कुट जगह-जगह बांटे गये। इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान ने विभिन्न स्थानों पर ठंड से पीड़ित सड़क के किनारे सो रहे जरूरतमंदों को अपने हाथों से रजाई, कम्बल, उड़ाए साथ ही विभिन्न स्थानों पर अलाव के लिए लकड़ी रखी व स्वयं भी उनके दुख दर्द को समझते हुए हाथ सेंके। समर्पित युवा समिति के संरक्षक सत्यप्रकाश रेशू ने पूरी टीम के साथ सायं 7 बजे रेशू चौक से चाय, रजाई, कम्बल बांटने का पुण्य कार्य शुरू किया। केन्द्रीय मंत्री ने समर्पित युवा के अमित पटपटिया की योजना अनुसार महावीर चौक, रेलवे स्टेशन, रोड़वेज, मीनाक्षी चौक, शिव चौक, जिला अस्पताल, भोपा पुल, गांधी कॉलोनी आदि क्षेत्रों में नर सेवा-नारायण सेवा को वास्तविक रूप दिया। चाय पीने व दुख दर्द सुनने के बाद उनकी समस्याओं के निपटारे का आश्वासन मंत्री ने दिया। इस मौके पर डॉ.एससी कुलश्रेष्ठ समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

कचहरी में तलाक के बाद मियां की जमकर पिटाई, वीडियो वायरल

निकाह के एक साल बाद आज ही लिखा गया था तलाकनामा आक्रोशित लड़की पक्ष की महिलाओं ने लड़के को धुना

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर (बु.)। कचहरी में मंगलवार को निकाह के एक साल बाद तलाक देने के बाद मियां की जमकर धुनाई की गई। लड़की पक्ष की महिलाओं ने आरोपी पर दनादन थप्पड़ बरसा दिये। मारपीट की पूरी घटना को कैमरे में कैद करने के बाद किसी शख्स ने उसे वायरल कर दिया। हालांकि इस मामले में पुलिस किसी तरह की तहरीर आने से इंकार कर रही है।

दरअसल, यह मामला शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव सूजडू से जुड़ा हुआ है। यहां की रहने वाली लड़की की शादी एक साल पहले मेरठ के एक युवक से हुई थी। मगर कुछ दिनों बाद ही आपसी मनमुटाव के चलते उनके बीच दूरियां बढ़ गई थीं। पहली तलाक 25 अक्टूबर को दे दी थी। दूसरी तलाक 25 नवम्बर को दी गई और तीसरी तलाक के लिए आज दोनों पक्षों के लोग कचहरी में एकत्र हुए थे, जहां पर

फैसलानामे के आधार पर तलाक लिखा गया। दोनों पक्षों में उसे स्वीकार कर लिया था। मगर इस फैसले को कानूनी अमलीजामा पहनाने के लिए दोनों पक्ष कचहरी आये थे। आरोप है कि तलाक देने वाले युवक ने कोई गलत शब्द बोल दिये जो लड़की पक्ष को बेहद ही नागवार गुजरे। इसी बात को लेकर हुई कहासुनी के बाद लड़की पक्ष की महिलाओं ने आरोपी युवक की पिटाई शुरू कर दी। तीन तरफ से महिलाओं ने मियां पर थप्पड़ बरसाये। हंगामा होने पर काफी लोगों का जमघट लग गया। अधिवक्ताओं ने बीच में आकर बीच बचाव कराया। इसी दौरान किसी ने मारपीट की पूरी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। इस मामले में सिविल लाइन थाना पुलिस से जानकारी की गई थी, तो उन्होंने इस बारे में कोई शिकायत होने से मना कर दिया।

स्कूल के सामने से स्कूटी चोरी

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर (बु.)। सरकुलर रोड़ स्थित एक स्कूल के सामने से अज्ञात बदमाश छात्र की स्कूटी चोरी कर ले गये। मामले की रिपोर्ट पुलिस में दर्ज कराई गई है। सिविल लाईन थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में उत्तरी सिविल लाईन नरेन्द्र कुमार पुत्र आजाद सिंह ने बताया कि उसका पुत्र आर्यवीर सरकुलर रोड़ स्थित एमजी पब्लिक स्कूल में पढ़ता है। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि उसका पुत्र घर से एक्टिवा लेकर स्कूल गया था। स्कूल की छुट्टी होने के बाद जब उसका पुत्र स्कूल के बाहर आया तो एक्टिवा गायब थी। अज्ञात चोरों ने उसके पुत्र की एक्टिवा चोरी कर ली थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके कार्यवाही शुरू कर दी है।

अवैध शराब की बिक्री करने वाले दो दबोचे

मुजफ्फरनगर, 27 दिसंबर (बु.)। सिविल लाईन पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाईन पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान रैदासपुर निवासी ओमकुमार व लच्छेड़ा निवासी इसरार मलिक को भारी मात्रा में अवैध शराब के पव्वों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि दोनों अवैध रुप से शराब की बिक्री कर रहे थे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके दोनों को जेल भेज दिया है।

उत्कृष्ट कार्य करने वाली मिलों का चयन

मुजफ्फरनगर। जिलाधिकारी चन्द्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में पेराई सत्र 2021-22 एवं वित्तीय वर्ष 2021-22 में जनपद की उत्कृष्ट कार्य करने वाली चीनी मिलों, सहकारी गन्ना विकास समितियों, गन्ना कृषकों, युवा गन्ना कृषको एवं महिला स्वयं सहायता समूहों को वित्तीय वर्ष 2022-23 में प्रदेश स्तर पर पुरूस्कृत करने हेतु गठित मूल्यांकन कमेटी की बैठक की गई। इसमें प्राप्त आवेदनों पर विचार-विमर्श उपरान्त चीनी मिल रोहाना को प्रथम, चीनी मिल खाईखेडी को द्वितीय तथा चीनी मिल खतौली, टिकौला, तितावी एवं मन्सूरपुर को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान दिया गया। सहकारी गन्ना विकास समितियों में गन्ना समिति खतौली को प्रथम, रोहाना कलां को द्वितीय तथा बुढाना को तृतीय स्थान दिया गया। गन्ना किसानों में अमरपाल पुत्र राज सिंह निवासी ग्राम टबीटा को प्रथम जवाहर सिंह पुत्र चरण सिंह निवासी निरपुडा को द्वितीय तथा मौ. फसी पुत्र मौ. रफी निवासी खानजहांपुर को तृतीय स्थान दिया गया। युवा गन्ना किसानों में देवेश कुमार आर्य पुत्र जितेन्द्र कुमार आर्य निवासी नूनी खेडा को प्रथम श्रीमती मनप्रीत कौर पत्नी अमरजीत सिंह निवासी इन्द्रराज रूप पुर को द्वितीय तथा अंकुर राणा पुत्र जयपाल सिंह निवासी ग्राम दाहा को तृतीय स्थान दिया गया। इसी प्रकार महिला स्वयं सहायता समूह में गंगा स्वयं सहायता समूह ग्राम मजलिसपुर तौफिर को प्रथम, राणा महिला स्वयं सहायता समूह ग्राम दाहा को द्वितीय तथा आदर्श महिला स्वयं सहायता समूह ग्राम फतेहपुर खेडी को तृतीय स्थान दिया गया। उपरोक्त चयनित चीनी मिलों, गन्ना समितियों, गन्ना कृषकों, यूवा गन्ना कृषकों एवं महिला स्वयं सहायता समूह के नाम गन्ना आयुक्त कार्यालय को प्रेषित किये गये हैं। प्रदेश के समस्त गन्ना उत्पादक जिलो से प्रेषित नामों पर गन्ना आयुक्त कार्यालय स्तर पर गठित कमेटी द्वारा विचार कर मूल्यांकन किया जायेगा तदोपरान्त प्रदेश स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरूस्कार घोषित किया दिया जायेगा। बैठक में डी.सी.ओ डा.आर.डी.द्विवेदी, चीनी मिल खतौली के जीएम केन कुलदीप राठी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक खतौली भीम कुशवाहा एवं सचिव गन्ना समिति रामराज सुभाषचन्द्र उपस्थित रहे।

दो स्थानों के नाम बदलने को मंजूरी

गोरखपुर। गोरखपुर जिले में नगर पालिका परिषद मुंडेरा बाजार का नाम बदलकर चौरीचौरा और देवरिया जिले के तेलिया अफगान गांव का नाम बदलकर तेलिया शुक्ल करने की मांग की जा रही थी। ऐसे में मंत्रालय द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है। उत्तर प्रदेश के दो जिले गोरखपुर और देवरिया में दो स्थानों के नाम बदलने की मंजूरी मिल गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार की सिफारिशों के बाद इनका नाम बदलने पर अपनी सहमति दे दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी मंगलवार को दी। बताया जा रहा है कि गोरखपुर जिले में नगर पालिका परिषद मुंडेरा बाजार का नाम बदलकर चौरीचौरा और देवरिया जिले के तेलिया अफगान गांव का नाम बदलकर तेलिया शुक्ल करने की मांग की जा रही थी। ऐसे में मंत्रालय द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है। बता दें कि चौरीचौरा घटना के सौ साल पूरे होने पर इतिहास के कई गलत तथ्यों को दुरुस्त करने के साथ ही कई परिवर्तन भी किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अब चौरीचौरा के मुख्य बाजार और नगर पंचायत मुंडेरा बाजार का नाम बदलकर चौरीचौरा नगर करने की तैयारी की जा रही थी। इस संबंध में जिला प्रशासन ने शासन को प्रस्ताव भेजा था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रस्ताव पर सहमति जताई थी। वहीं देवरिया जिले के एक गांव की पहचान बदलने जा रही है। यहां बरहज तहसील में एक गांव तेलिया अफगान है। उसे अब तेलिया शुक्ल किया जा रहा है। राजस्व के अभिलेखों में इसका नाम तेलिया अफगान है लेकिन लोग इसे तेलिया शुक्ल नाम से भी जानते पहचानते हैं। सरकारी भवनों पर जहां तेलिया अफगान तो वहीं स्थानीय स्तर पर लोग इसे तेलिया शुक्ल ही लिखते हैं।

कोरोना की आहट के बीच अस्पताल समेत 6 इकाइयों पर हुई मॉक ड्रिल

परखी बेड-वेंटिलेटर समेत अन्य तमाम स्वास्थ्य सुविधाएं

मुजफ्फरनगर, 27 दिसम्बर (बु.)। कोरोना के नए वेरिएंट की दस्तक के बीच मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग ने संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डॉ अनिल कुमार की मौजूदगी में जिला चिकित्सालय समेत छह स्वास्थ्य इकाइयों पर मॉक ड्रिल रियलिटी चेक की। इस बीच अफसरों ने ऑक्सीजन प्लांट, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, आइसोलेशन बेड क्षमता, वेंटिलेटर पेरेमिटी आईज, चिकित्सक, आंगनबाड़ी, आशा कार्यकर्ता व नर्सों की उपलब्धता को परखने के साथ कोरोना से जंग लड़ने वाली तैयारियों का जायजा लिया। वहीं मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज बेगराजपुर में सभी कोविड वार्डों का निरीक्षण कर उपकरणों की क्रियाशीलता की जांच की। बीएसएल-2 लैब व ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण के साथ ही संयुक्त निदेशक ने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को जरुरी दिशा निर्देश दिए। देशभर में कोरोना की फिर से शुरू हुई दस्तक के बीच जिले में नए वेरियंट को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मंगलवार को इन्हीं तैयारियों का सच जानने के लिए जिला चिकित्सालय समेत छह स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण करने को पहुंचे संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डॉ. अनिल कुमार ने सच जाना और अधीनस्थों को कोरोना को लेकर हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि प्रदेश में कोरोना के नए वैरिएंट से बचाव को लेकर सभी जनपदों में मॉक ड्रिल की जा रही है। शासन स्तर पर जारी निर्देशों के बीच मंगलवार को जिला अस्पताल में मॉक ड्रिल के माध्यम से कोविड-19 प्रबंधन पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य पेशेवरों की उपलब्धता, उन्नत और बुनियादी जीवन समर्थन एंबुलेंस व रसद की उपलब्धता, परीक्षण क्षमता, जरुरी दवा, वेंटिलेटर व मेडिकल ऑक्सीजन की उपलब्धता को परखा, ताकि समय आने पर हर आपात स्थिति से निपटा जा सके।

सीएमओ बोले-सतर्क रहें, स्वास्थ्य विभाग की है पूरी तैयारी

मुजफ्फरनगर, 27 दिसम्बर (बु.)। देश में फिर से कोरोना के नए वेरियंट की आहट के बीच स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने तमाम व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। वहीं अफसरों ने मॉक ड्रिल के माध्यम से तैयारियां परखते हुए स्वास्थ्य केंद्रों की उपलब्धता के साथ संभावित कोविड मरीजों के बिस्तरों की उपलब्धता, आइसोलेशन, ऑक्सीजन, आईसीयू में जरुरी वेंटिलेटर बेड, मानव संसाधनों की उपलब्धता व प्रशिक्ष